Acharya Mahapragya Birth Centenary 1920-2020

# प्रगति-प्रतिवेदन
## 2019-20



# तेरापंथ युवक परिषद्  दिल्ली

ए-875, शास्त्रीनगर, दिल्ली-110052
मोबाईलः 9315078011/12/13
ईमेल : delhityp@gmail.com • वेबसाईट : www.typdelhi.org

# विजय गीत

लक्ष्य है ऊँचा हमारा, हम विजय संगान गाएं ।
चीरकर कठिनाइयों को, दीप सम हम जगमगाएं।।
तेज सूरज-सा लिये हम,
शुभ्रता शशि-सी लिये हम,
पवन-सा गति वेग लेकर, चरण ये आगे बढ़ाएं।।
हम न रुकना जानते हैं,
हम न झुकना जानते हैं,
हो प्रबल संकल्प इतना, सफल हो सब कल्पनाएं।।
हम अभय, निर्मल निरामय,
हैं अटल जैसे हिमालय,
हर कठिन जीवन घड़ी में, फूल बनकर मुस्कराएं।।
हे प्रभो ! पा पंथ तेरा,
हो रहा अब नव सवेरा
स्वस्थ तन-मन, स्वस्थ चिंतन, चेतना की लौ जलाएं।।

# 53 वाँ वार्षिक अधिवेशन

## रविवार, 12 जुलाई 2020

## ऑनलाईन जूम एप द्वारा

# तेरापंथ युवक परिषद्, दिल्ली


नूतन चिंतन नया विकास, युवकों में जागे विश्वास

# श्रावक निष्ठा पत्र

मैं जैन श्वेताम्बर तेरापंथ धर्मसंघ का अनुयायी श्रावक हूं/श्राविका हूं। इसका मुझे गौरव है। मैं इसे जीवन-विकास का तथा समस्याओं के समाधान में सबसे बड़ा आलम्बन मानता हूं/मानती हूं। अतः अपने दायित्व-निर्वाह तथा आस्था की पुष्टि के लिए मैं इन संकल्पों को स्वीकार करता हूं/करती हूं-

1. मैं आचार्य भिक्षु की मर्यादा, तेरापंथ धर्मसंघ तथा शासनपति के प्रति समर्पित रहूंगा/रहूंगी।
2. मैं धर्मसंघ की अखण्डता के लिए सतत जागरूक रहूंगा/रहूंगी। दलबन्दी को प्रोत्साहन नहीं दूंगा/दूंगी।
3. मैं जैन श्वेताम्बर तेरापंथ धर्मसंघ से मुक्त व्यक्ति (टाळोकर) को प्रश्रय नहीं दूंगा/दूंगी।
4. मैं आचार्य की आज्ञा के प्रतिकूल प्रवृत्ति को समर्थन नहीं दूंगा/दूंगी।
5. धर्मसंघ के किसी साधु-साध्वी में दोष जान पड़े तो उसका अन्यत्र प्रचार किए बिना यथौचित्य स्वयं उसे अथवा आचार्य आदि उपयुक्त व्यक्ति को जताऊंगा/जताऊंगी।
6. मैं प्रत्येक शनिवार को सायं सात से आठ के बीच सामायिक करने का यथासंभव प्रयत्न करूंगा/करूंगी।
7. मैं सम्यक्त्व दीक्षा के चारों नियमों का जागरूकता पूर्वक पालन करूंगा/करूंगी।

# तेरापंथ का अतीत और वर्तमान



# संघ गान

जय–जय धर्म-संघ अविचल हो।
संघ-संघपति प्रेम अटल हो।।

हम सबका सौभाग्य खिला है, प्रभु यह तेरापंथ मिला है।
एक सुगुरू के अनुशासन में, एकाचार विचार विमल हो।।

दृढ़तर सुन्दर संघ-संगठन, क्षीर-नीर-सा यह एकीपन।
है अक्षुण्ण संघ-मर्यादा, विनय और वात्सल्य अचल हो।।

संघ-संपदा बढ़ती जाए, प्रगति-शिखर पर चढ़ती जाए।
भैक्षव शासन नन्दनवन की, सौरभ से सुरभित भूतल हो।।

'तुलसी' जय हो, सदा विजय हो, संघ चतुष्टय बल अक्षय हो।
श्रद्धा-भक्ति बहे नस-नस में, पग-पग पर प्रतिपल मंगल हो।।

# अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद्



अर्हम

7 जुलाई 2020

परम पूज्य महातपस्वी, युवा मनीषी आचार्यश्री महाश्रमणजी के श्रीचरणों में सभक्ति वंदना एवं महाश्रमणी साध्वी प्रमुखा कनकप्रभाजी को अभिवादन। तत्र विराजित चारित्रात्माओं के चरणों में वंदन।

''युवा'' ये नाम सुनते ही ये जोश और नई ऊर्जा का संचार होने लगता है। इस जोश और ऊर्जा के साथ अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् अपनी शाखा परिषदों के साथ मिलकर सेवा, संस्कार एवं संगठन के त्रिआयामी उद्देश्यों के साथ पूज्यप्रवर के निर्देशानुसार देशव्यापी कार्य कर रही है। गुरु द्वारा प्राप्त मार्गदर्शन जीवन विकास में महत्त्वपूर्ण उपक्रम है। शाखा परिषदें गुरुदेव के इंगित अनुसार कार्य करती है एवं परिवार की तरह आभातेयुप द्वारा निर्देशित समस्त कार्यों को करने के लिए सदैव तत्पर रहती है। इन परिषदों में परिषद् है तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली। परिषद् द्वारा सभी कार्य महनीय एवं जागरुकता के साथ किये जा रहे हैं। परिषद् अपनी साधारण सभा का आयोजन कर रही है। साधारण सदन वार्षिक गतिविधियों का दस्तावेज है। इस साधारण सदन की गत वर्ष की तटष्थ समीक्षा और आगामी वर्ष की सम्यक योजना बनाई जाए। गति-प्रगति का आंकलन आगामी वर्ष के नये पद्चिह्न अंकित करने का संकल्प जागृत करें। तेयुप के हर सदस्यों में कार्य करने का संकल्प पुष्ट होता रहे। संघीय और सामाजिक दायित्वों की प्रतिबद्धता के प्रति जागरूक युवा पीढ़ी ही समाज को विकास के नये शिखर पर पहुँचा सकती है।


वर्ष 2019-20 में अध्यक्ष श्री संजय संचेती एवं मंत्री श्री मुकेश बोरड़ ने तेयुप दिल्ली को नई ऊँचाईयां प्रदान की है। गुरुदेव की अहिंसा यात्रा में सहभागिता दर्ज कराई एवं चारित्रात्माओं की रस्ते की सेवा की गई। आचार्य महाप्रज्ञ जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर एक शाम महाप्रज्ञ के नाम कार्यक्रम का आयोजन, तुलसी ऑनलाईन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन एवं अमृत वचन का सम्पादन व प्रचार प्रसार किया गया। अगस्त 2019 से अप्रैल 2020 तक माह की 9 तारीख को 30 से अधिक उपवास द्वारा मास खमण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। आभातेयुप के तत्वावधान में एवं निर्देशन में मंत्र दीक्षा, अभिनव सामायिक, बारहव्रत कार्यशाला, प्रभु पार्श्व प्रणति, तपोयज्ञ में एमबीए, वृहद सामायिक कार्यशाला, जैन सामायिक फेस्टीवल, फिट युवा-हिट युवा, जैन विद्या कार्यशाला, किशोर फिठएस्टा, युवा दिवस, एमबीडीडी ऑन कॉल, जैन संस्कार निर्माण कार्यशाला आदि कार्यक्रमों का वृहद् एवं महनीय आयोजन किया गया। परिषद् द्वारा 31 नेत्रदान करवाये गये। सेवा कार्य, धम्म जागरण, स्वास्थ जाँच शिविर आदि कई कार्यक्रम परिषद् द्वारा पूर्ण किये गये। ऐसे अनेकों कार्यों को परिषद् द्वारा वृहद् एवं महनीय रूप में पूर्ण किया गया।

इसी आशा के साथ कि तेरापंथ युवक परिषद्, दिल्ली आगामी अध्यक्ष के नेतृत्व और अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् के तत्वावधान व निर्देशन में एकजुट होकर ऐतिहासिक कार्यों में सहभागी बनेगी।

इसी मंगल कामना के साथ ...

संदीप कोठारी
अध्यक्ष

मनीष दफ्तरी
महामंत्री


मंगल भावना यंत्र
धृति सम्पन्नोऽहं स्याम्
शक्ति सम्पन्नोऽहं स्याम्
शान्ति सम्पन्नोऽहं स्याम्
धी सम्पन्नोऽहं स्याम्
ह्री सम्पन्नोऽहं स्याम्
धृ
धी
ह्री
शां
शक्ति
अनासक्ति
अर्हं
तेरापंथ युवक परिषद, दिल्ली

# पदाधिकारी

**सत्र : 2019-20**



**श्री संजय संचेती**
अध्यक्ष



**श्री संजीव चिण्डालिया**
उपाध्यक्ष-I



**श्री विकास चोरड़िया**
उपाध्यक्ष-II



**श्री मुकेश बोरड़**
मंत्री



**श्री संजीव जैन**
सहमंत्री-I



**श्री हेमराज राखेचा**
सहमंत्री-II



**श्री प्रवीण गोलछा**
संगठन मंत्री



**श्री विकास बोथरा**
कोषाध्यक्ष



**श्री पुखराज लोढ़ा**
निवर्तमान अध्यक्ष

## स्थाई आमंत्रित



श्री जतन श्यामसुखा
(आभातेयुप रा. का. सदस्य)

## परामर्शक



श्री पुखराज सेठिया



श्री भीखमचन्द सुराणा



श्री लक्ष्मीपत भूतोड़िया



श्री इन्द्र बैंगाणी



श्री धनपत बोथरा



श्री विजय चोपड़ा
विधि परामर्शक

## क्षेत्रीय सह-संयोजक


श्री अमित खेटड़
(शाहदरा)


श्री दीपक भटेरा
(शाहदरा)


श्री संतोष संचेती
(शाहदरा)


श्री नरेश डागा
(सूर्यनगर)


श्री वर्धमान बांठिया
(सूर्यनगर)


श्री पुनीत गिड़िया
(लक्ष्मीनगर)


श्री आलोक जैन
(लक्ष्मीनगर)


श्री देव बैद
(मानसरोवर गार्डन)



श्री प्रिंस लोढ़ा
(मानसरोवर गार्डन)


श्री विशाल पगारिया
(पीतमपुरा)


श्री सुनील गिड़िया
(शालीमार बाग)


श्री विनीत बोथरा
(रोहिणी)


श्री अतुल जैन
(रोहिणी)


श्री रोबिन जैन
(पश्चिम विहार)


श्री सौरभ आंचलिया
(शास्त्रीनगर)


श्री विक्रम सुराणा
(साउथ दिल्ली)


श्री अनिल बैद
(गाँधीनगर)


श्री मनोज सांड
(गाँधीनगर)


श्री गौरव महनोत
(गाँधीनगर)

## विशेष प्रभारी



श्री मनोज मालू
(नेत्रदान)



श्री सुशील डागा
(जैन संस्कार)



श्री विनोद चोरड़िया
(अणुव्रत)



श्री प्रकाश सुराणा
(जैन विद्या)



श्री सुनील छाजेड़
(सेवा)



श्री मयंक दूगड़
(एबीटीवाईपी रिपोर्टिंग)



श्री प्रभात खटेड़
(वित्त)



श्री कुशाल गदैया
(वित्त)



श्री मनीष पुगलिया
(ज्ञानशाला)



श्री विकास सुराणा
(सांस्कृतिक)



श्री विनय सुराणा
(किशोर मंडल)



श्री जिनेश जैन
(तेरापंथ टाइम्स और युवा दृष्टि)



श्री राहुल बोथरा
(कम्प्यूटर तथा मीडिया)



श्री हरीश बरड़िया
(कम्प्यूटर तथा मीडिया)

## ज्ञानशाला



श्री अरिहन्त जैन
(सेन्ट्रल दिल्ली)



श्री प्रियंक दुगड़
(शाहदरा)



श्री मनीष नाहर
(सूँयनगर)



श्री रवि बरमेचा
(लक्ष्मीनगर)



श्री निर्मल बोथरा
(मानसरोवर गार्डन)



श्री नवीन जैन
(शालीमार बाग)



श्री अमन जैन
(रोहिणी)



श्री गौरव बच्छावत
(शास्त्रीनगर)



श्री दीपक जैन
(उत्तम नगर)



श्री राजेश दुगड़
(गाँधीनगर)



श्री आशीष मालू
(पश्चिम विहार)



श्री दीपक पुगलिया
(नॉर्थ दिल्ली)

## किशोर मंडल



श्री राहुल दुगड़
(किशोर मंडल संयोजक)



श्री हर्ष सेठिया
(किशोर मंडल सहसंयोजक)

## कार्यकारिणी सदस्य


श्री पवन श्यामसुखा


श्री पवन पारख


श्री प्रदीप बोथरा


श्री राकेश बैंगानी


श्री दिलीप संचेती


श्री पवन नाहर


श्री राजेश बैंगानी


श्री अजय बेताला


श्री अंकित बैद


श्री सुरजीत पुगलिया


श्री राजीव सेठिया


श्री विकास सुराणा


श्री अभिनंदन बैद


श्री सिद्धार्थ जैन


श्री हनुमान बोथरा


श्री मुकेश बोथरा


श्री प्रदीप संचेती


श्री नितिन फुलफगर


श्री मुकेश जैन


श्री पराग जैन


श्री प्रवीण बैद


श्री मनीष महनोत


श्री मनीष बरमेचा


श्रीअशोक सिंघी


श्री आलोक लूणिया


श्री मानस बोथरा

## क्षेत्रीय सहयोगी


श्री संदीप पगारिया


श्री मनोज गंग


श्री विनय चोरड़िया


श्री आनन्द बांठिया


श्री विकास बरड़िया


श्री अंकित बांठिया


श्री आनन्द नाहटा


श्री रजत सुराणा


श्री हेमन्त भूतोड़िया


श्री ऋषभ संचेती


श्री प्रवीण जैन


श्री राजीव बैंगानी


श्री श्रैंयाश चोरड़िया


श्री अनुराग बोथरा


श्री महावीर बरड़िया


श्री मिलन बोथरा


श्री राज कुण्डलिया


श्री डालचंद गुगलिया


श्री सिद्धार्थ घोड़ावत


श्री विवेक दस्सानी


श्री यश बोरड़


श्री आयुष डूंगरवाल


श्री पवन बांठिया

# अ.भा.ते.यु.प. द्वारा अलंकृत दिल्ली के युवक

## युवक रत्न

| | |
|---|---|
| श्री नवरत्नमल दुगड़ | (1972) |
| श्री मांगीलाल सेठिया | (1981) |
| श्री कन्हैयालाल पटावरी | (1992) |
| श्री गणपत लाल जैन | (1994) |
| श्री के.सी. जैन | (1996) |
| श्री माणक सिंघी | (1997) |
| श्री सुखराज सेठिया | (2001) |
| श्री अशोक संचेती | (2001) |

## युवा गौरव

| | |
|---|---|
| श्री पुखराज सेठिया | (2001) |

## श्रेष्ठ कार्यकर्ता

| | |
|---|---|
| श्री आसकरण आँचलिया | (1999) |
| श्री प्रदीप संचेती | (2007) |
| श्री अरूण संचेती | (2008) |
| श्री इन्द्र बैंगाणी | (2011) |
| श्री अरविन्द गोठी | (2013) |

## आचार्य महाप्रज्ञ प्रतिभा पुरस्कार

| | |
|---|---|
| श्री ललित गर्ग | (2006) |
| श्री राजेश जैन 'चेतन' | (2009) |
| श्री प्रमोद घोड़ावत | (2011) |
| श्री इन्द्र बैंगाणी | (2018) |

## आचार्य महाश्रमण युवा व्यक्तित्व पुरस्कार

| | |
|---|---|
| डॉ. राजेश कुण्डलिया | (2013) |

# तेयुप दिल्ली द्वारा प्रदत्त अलंकरण

## युवक श्रेष्ठ

| | |
|---|---|
| श्री के. सी. जैन | (1996) |
| श्री सम्पत मल नाहटा | (1997) |
| श्री सुखराज सेठिया | (1998) |

# गौरवशाली विकास यात्रा

## अतीत से वर्तमान

| वर्ष | अध्यक्ष | मंत्री |
|---|---|---|
| 1967–70 | श्री फरजन कुमार जैन | संयोजक प्रणाली |
| 1970–72 | श्री विजय सिंह कोठारी | संयोजक प्रणाली |
| 1972–73 | श्री विजयराज सुराणा | संयोजक प्रणाली |
| 1973–76 | श्री सुरेश जैन | श्री जगत पटावरी |
| 1976–80 | श्री विजय भँवर बोरड़ | श्री जगत पटावरी |
| 1980–84 | श्री रमेश जैन | श्री शान्ति कुमार जैन |
| 1984–87 | श्री सम्पत कुमार सुराणा | श्री सम्पत मल नाहाटा |
| 1987–88 | श्री संचय लाल डागा | श्री विमल सुराणा |
| 1988–90 | श्री सुखराज सेठिया | श्री छत्तर सिंह सिंघी |
| 1990–92 | श्री राजेन्द्र गिडिया | श्री प्रदीप संचेती |
| 1992–94 | श्री पदम संचेती | श्री लक्ष्मीपत भूतोड़िया |
| 1994–95 | श्री लक्ष्मीपत भूतोड़िया | श्री प्रदीप संचेती |
| 1995–96 | श्री पन्नालाल लूणिया | श्री अरुण संचेती |
| 1996–97 | श्री हेमराज बैद | श्री डालमचन्द बैद |
| 1997–98 | श्री डालमचन्द बैद | श्री अरुण संचेती |
| 1998–99 | श्री निर्मल भंसाली | श्री प्रमोद घोड़ावत |
| 1999–2000 | श्री बाबूलाल भूतोड़िया | श्री प्रमोद घोड़ावत |
| 2000–2001 | श्री आसकरण आँचलिया | श्री संजय खटेड़ |
| 2001–2003 | श्री प्रमोद घोड़ावत | श्री भीखम चन्द सुराणा |
| 2003–2004 | श्री भीखमचन्द सुराणा | श्री संजय खटेड़, श्री इन्द्र बैंगाणी |
| 2004–2005 | श्री प्रदीप संचेती | श्री अशोक बुच्चा, श्री बिमल बैंगाणी |
| 2005–2006 | श्री संजय खटेड़ | श्री अरविन्द गोठी |
| 2006–2007 | श्री बिमल बैंगाणी | श्री राजेश बैंगाणी |
| 2007–2008 | श्री कैलाश डूंगरवाल | श्री राजीव बैंगाणी |
| 2008–2009 | श्री सुशील सिपानी | श्री इन्द्र बैंगाणी |
| 2009–2010 | श्री राजेश बरड़िया | श्री अभय सिंघी |
| 2010–2011 | श्री अशोक संचेती | श्री इन्द्र बैंगाणी |
| 2011–2012 | श्री सुभाष सेठिया | श्री गजेन्द्र दुधोड़िया |
| 2012–2013 | श्री गजेन्द्र दुधोड़िया | श्री प्रवीण बैंगाणी |
| 2013–2014 | श्री मनोज नाहर | श्री संदीप डूंगरवाल |
| 2014–2015 | श्री अशोक संचेती | श्री मनोज बोरड़ |
| 2015–2016 | श्री मनोज बोरड़ | श्री नितेश बैद |
| 2016–2017 | श्री कमल गांधी | श्री सुभाष दुगड़ |
| 2017–2018 | श्री राजेश भंसाली | श्री प्रमोद संचेती |
| 2018–2019 | श्री पुखराज लोढ़ा | श्री राकेश बैंगाणी |
| 2019–2020 | श्री संजय संचेती | श्री मुकेश बोरड़ |



अर्हम

## अध्यक्ष की कलम से ...............

आध्यात्म जगत के महासूर्य परम पूज्य आचार्यश्री महाश्रमणजी, मातृ हृदया संघ महानिदेशिका साध्वी प्रमुखाश्री कनक प्रभाजी, मुख्य नियोजिका साध्वी विश्रुत विभाजी, मुख्य मुनि महावीरकुमारजी, साध्वी वर्या समबुद्धयशाजी, अभातेयुप के आध्यात्मिक पर्यवेक्षक मुनिश्री योगेशकुमारजी एवं दिल्ली में विराजित समस्त चारित्र आत्माओं के चरणों में पंचांग प्रणति पूर्वक श्रद्धासिक्त वंदन।

सम्माननीय तेयुप दिल्ली के परापर्शकगण, अभातेयुप कार्यसमिति के सदस्यगण, दिल्ली के संघीय संस्थाओं के पदाधिकारीगण, सम्मानित श्रावक समाज एवं प्राणवान धर्मसंघ के ऊर्जावान युवा साथियो!

सादर जय जिनेन्द्र!

तेयुप दिल्ली के 53 वें वार्षिक अधिवेशन में आप सभी का स्वागत अभिवंदन अभिवादन करते हुए अत्यंत हर्ष की अनुभूति हो रही है। तेयुप दिल्ली अभातेयुप में अपना एक विशिष्ठ स्थान रखती है। जिसका नेतृत्व करना अपने आप में ही परम गौरव की अनुभूति कराता है। मैं आभारी हूं तेयुप दिल्ली की संपूर्ण युवाशक्ति का जिन्होंने मेरी सीमित क्षमताओं के बावजूद सर्वसम्मति से दिल्ली तेयुप का नेतृत्व करने का अवसर प्रदान किया। अध्यक्ष पद जहां सात्विक गौरव की अनुभूति कराता है वही दायित्व का भान भी कराता है। साथियों, सत्र 2019-2020 के अन्तर्गत तेयुप दिल्ली ने अपने त्रिआयामी उद्देश्य सेवा, संस्कार और संगठन को ध्यान में रखते हुए अनेकों छोटे बड़े संघीय कार्यक्रमों का सफलता पूर्वक आयोजन किया। कार्यक्रमों की सफलता का श्रेय प्रतीकात्मक रूप से अध्यक्ष एवं उसकी टीम को जाता है किंतु सही मायने में अगर इन कार्यक्रमों की सफलता का श्रेय किसी को देना चाहिए तो वह हमारे कार्यकर्ता हैं जो किसी नाम की अपेक्षा के बिना कार्यक्रम को व्यवस्थित एवं सफल बनाने में अपना श्रम नियोजित करते हैं। मैं हृदय की गहराईयों से नमन करता हूं तेयुप दिल्ली की संपूर्ण कर्मठ युवा शक्ति को एवं भविष्य में ऐसी सेवा परिषद में देते रहें, यहीं मंगल कामना करता हूँ। अभातेयुप द्वारा निर्देशित कार्यो एवं संघीय कार्यक्रमों में सदैव सहयोग के साथ वर्ष पर्यन्त कार्यक्रमों की श्रृंखला निरंतर प्रवर्धमान रही।

14 जून 2019 मनोनयन के उपरांत प्रथम कार्यक्रम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस से प्रारंभ करते हुए मंत्र दीक्षा, जैन विद्या कार्यशाला, बारहव्रत कार्यशाला, अभिनव सामायिक, जैन संस्कार विधि प्रशिक्षण कार्यशाला, भक्ताम्बर स्त्रोत अनुष्ठान, जैन संस्कार विधि प्रचार-प्रसार, सामायिक फेस्टिवल, तपोयज्ञ, भगवान पार्श्वनाथ जयंती, फिट युवा - हिट युवा, एक शाम महाप्रज्ञ के नाम, व्यक्तित्व विकास कार्यशाला, नैत्र दान, गुरुदेव तथा अन्य चारित्रात्माओं के रास्ते की सेवा, गुरु चरणों में अर्पित **(M.B.A)** मेरी भी आहुति, कोरोना संकट काल में सामायिक एवं जप अनुष्ठान ऑनलाइन प्रश्नोंत्तरी आदि अनेकों कार्यक्रमों को सभी कार्यकर्ताओं के सहयोग से सफलतापूर्वक सानंद सम्पन्न किया।

नूतन चिंतन नया विकास, युवकों में जागे विश्वास

साथियों, इस कार्यकाल में दो-दो चारित्रात्माएं संथारारत मोक्ष को प्राप्त हुई। परिषद् के सभी कार्यकर्ताओं ने पूर्ण निष्ठा भाव से सेवा की आप सभी के प्रति अनंत साधुवाद। कार्यकाल के समापन के अवसर पर कार्यकाल के प्रति आत्मतोष के भाव रखते हुए मैं कह सकता हूं कि वर्ष पर्यन्त मैंने परिषद के कार्यों के प्रति मन में शिथिलता अनुभव नहीं की। मैं तो निमित्त मात्र हूं, कार्य करवाने व ऊर्जा प्रदान करने वाले परम पूज्य गुरूदेव हैं जिनकी असीम कृपादृष्टि से कार्य सम्पन्न हुए। दिल्ली क्षेत्र में विराजित समस्त चारित्र आत्माओं से समय-समय पर प्रेरणा पाथेय प्राप्त हुए । मैं कृतज्ञता ज्ञापित करता हूं समस्त चारित्र आत्माओं के प्रति। साथियों इस पूरे कार्यकाल में मैं तो कहीं था ही नहीं, थे तो सिर्फ हम। मैं अपने आपको अत्यंत सौभाग्यशाली मानता हूं कि मुझे विशेष सहयोगी के रूप में वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री संजीव चिण्डालिया, मित्र के रूप में उपाध्यक्ष द्वितीय श्री विकास चोरड़िया, उर्जावान मंत्री के रूप में मेरे साथ कदम से कदम मिलाकर चलने वाले छोटे भाई श्री मुकेश बोरड़, सरल हृदय वाले सहमंत्री प्रथम श्री संजीव जैन, सहमंत्री द्वितीय श्री हेमराज राखेचा, चिंतनशील कोषाध्यक्ष श्री विकास बोथरा, हंसमुख संगठन मंत्री श्री प्रवीण गोलछा जैसे साथी मिले। सभी ने अपेक्षा से अधिक सहयोग दिया। सभी क्षेत्रीय संयोजक, सहसंयोजक, प्रभारीगण, कार्यसमिति सदस्यगण, योजना एवं समन्वय समिति के सदस्यगण व कार्यक्रम संयोजकों ने अध्यक्ष तुल्य दायित्व समझते हुए अधिकार के साथ कार्यों को सफल बनाया। हमारे निवर्तमान अध्यक्ष श्री पुखराज लोढ़ा, जिनका निरंतर मार्गदर्शन व स्नेह प्राप्त हुआ। अभातेयुप अध्यक्ष श्री संदीप कोठारी, महामंत्री श्री मनीष दफ्तरी, दिल्ली परिषद् प्रभारी श्री हितेश भानडीया, राष्ट्रीय कार्यसमिति के सदस्यों एवं दिल्ली का प्रतिनिधित्व करने वाले सभी साथियों का निरंतर सहयोग व मार्गदर्शन मिलता रहा। आप सभी के प्रति अनंत अनंत साधुवाद व्यक्त करता हूं। सभी परामर्शकों से समय-समय पर उचित मार्गदर्शन प्राप्त हुए, आप सभी के प्रति आभार। जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा दिल्ली, तेरापंथ महिला मंडल, तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम, अणुव्रत न्यास, अणुव्रत समिति, समस्त क्षेत्रीय सभाएं एवं दिल्ली की सभी संघीय संस्थाओं से प्राप्त सम्मान व सहयोग हेतु सादर आभार। समाज के उदारमना महानुभावों ने अर्थ सहयोग कर परिषद् को गति एवं निशचिंतता प्रदान की, सभी के प्रति हार्दिक धन्यवाद। कृतज्ञता ज्ञापित करता हूं पिताजी श्री लालरतन जी, मातुश्री जतनदेवी, जीवन संगीनी शीतल, पुत्री महक एवं पुत्र यश के प्रति जिन्होंने मेरा इस दायित्व निर्वाहन में पूर्णतया सहयोग दिया एवं कार्यों को संपादित करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्य करते हुए भूल हो जाना स्वाभाविक है। मुझसे या किसी युवा साथी से कोई अविनय असातना हुई हो या हम इंगित की आराधना ना कर पाए हो तो पूज्यप्रवर व समस्त चारित्र आत्माओं से करबद्ध क्षमायाचना। परिषद् के कार्यों के निष्पादन व दायित्वों के निर्वहन में मुझसे अथवा किसी साथी सहयोगी से प्रमादवश कोई भूल हो गई हो तो मैं समस्त युवा शक्ति व समाज से अपने व कार्यकारिणी की ओर से शुद्ध अंतःकरण से खमत खामना करता हूं।

अंत में मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि आने वाला नेतृत्व परिषद् को नई ऊँचाईयां प्रदान करेगा। इन्हीं शुभकामनाओं एवं मंगलकामनाओं के साथ एक बार पुनः सभी को अनन्त साधुवाद एवं सभी से पुनः निर्मल हृदय से क्षमायाचना।

**किसी ने कहा है कि ..........**

**रिश्ते कभी खत्म नहीं होते**
**बातों से छूटे तो आँखों में रह जाते हैं।**
**आँखों से छूटे तो यादों में रह जाते हैं।**

**आपका अपना**
**संजय संचेती**

12 जुलाई 2020

अर्हम्

# 53 वॉ वार्षिक अधिवेशन

## प्रगति-प्रतिवेदन
2019-20



तेरापंथ के प्राण, तेजस्वी क्रांतिकारी महामना आचार्य श्री भिक्षु को भाव भरा नमन। अनंत आस्था के केंद्र साधना के शिखर पुरुष, करुणा के निर्बाध गतिमान स्रोत महातपस्वी परम श्रद्धेय आचार्य श्री महाश्रमण जी के चरण कमलों में करबद्ध वंदना। वात्सल्य की प्रतिमूर्ति ममतामय संघ महानिर्देशिका साध्वी प्रमुखा श्री कनकप्रभाजी, मुख्य नियोजिका साध्वी विश्रुतविभाजी, मुख्य मुनिश्री महावीरकुमारजी, साध्वी वर्या साध्वीश्री सम्बुद्धयशाजी, तेरापंथ युवक परिषद् के आध्यात्मिक पर्यवेक्षक मुनिश्री योगेशकुमारजी एवं दिल्ली में विराजित समस्त चारित्रात्माओं के श्री चरणों में सादर वंदना।

सम्मानीय अध्यक्ष महोदय, आभातेयुप टीम के सदस्यगण, परामर्शकगण, पदाधिकारीगण, क्षेत्रीय संयोजक, क्षेत्रीय सह संयोजक, प्रभारीगण, योजना एवं समन्वय समिति के सदस्यगण, कार्यसमिति सदस्यगण, क्षेत्रीय सहयोगी, सम्मानित श्रावक समाज एवं संघ-संघपति के प्रति पूर्ण समर्पित कर्मठ युवा साथियों।

सादर जय जिनेन्द्र

तेयुप दिल्ली के 53 वें वार्षिक अधिवेशन में आप सभी का हार्दिक स्वागत अभिनंदन अभिवादन।

अध्यात्मिक एवं सामाजिक दायित्व को संयुक्त रूप से निभाने, सदैव कार्य करते रहने की भावना को उत्साह के साथ मूर्त रूप देने, संघ एवं संघपति के प्रति पूर्ण समर्पण, गुरुदृष्टि की आराधना का अटल प्रण, संघीय नीतियों के प्रति संकल्पित मन एवं लक्ष्य के प्रति पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ गतिशील तेरापंथ धर्म संघ के युवाओं का संगठन है - अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद और उसकी विशिष्ट शाखा परिषदों में एक देश की राजधानी की परिषद 'तेरापंथ युवक परिषद्, दिल्ली' दिल्ली की युवा शक्ति कल्पना को आकार, चिंतन को मूर्त रूप, सपनों को साकार एवं कुछ न कुछ करके दिखाने की दिशा में संकल्पित होकर गुरु दृष्टि की अराधना करते हुए सेवा-संस्कार-संगठन के त्रिआयामी उद्देश्यों की संप्राप्ति में निरंतर गतिशील है। आलौच्य वर्ष 2019-20 में ऊर्जावान युवा साथियों के सक्रिय सहयोग एवं विभिन्न अवसरों पर विशिष्ट योगदान प्राप्त कर अनेकानेक धार्मिक, सामाजिक एवं रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनका संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार हैः-

# 52 वां वार्षिक अधिवेशन







तेरापंथ युवक परिषद्, दिल्ली का 52 वाँ वार्षिक अधिवेशन (सत्र 2018-2019) एवं साधारण सभा का आयोजन 14 जून, 2019 को अणुव्रत भवन में हुआ। साधारण सभा में चुनाव अधिकारी श्री कैलाश डुंगरवाल ने आगामी सत्र 2019-20 के अध्यक्ष हेतु श्री संजय संचेती को निर्वाचित घोषित किया।

## विश्व योग दिवस






21 जून 2019 को तेरापंथ भवन सेक्टर 5 रोहिणी में 'शासनश्री' साध्वीश्री रविप्रभाजी के सान्निध्य में अभातेयुप द्वारा निर्देशित योग दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

योग संस्थान एवं मोरारजी देसाई इन्स्टिट्यूट से आए हुए प्रशिक्षकों की टीम ने उपस्थित संभागियों को अनेक प्रकार के योग के अभ्यास निरंतर करने की प्रेरणा दी।

तेयुप सदस्यों एवं ज्ञानशाला के बच्चों की उत्साहजनक उपस्थिति ने कार्यक्रम को भव्य बनाया। कार्यक्रम का सफल संचालन कार्यक्रम संयोजक श्री दीपक नाहर द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में रोहिणी सभा के अध्यक्ष श्री विजय जैन, कोषाध्यक्ष, श्री पराग जैन, नवमनोनीत तेयुप दिल्ली अध्यक्ष श्री संजय संचेती, निवर्तमान मंत्री श्री राकेश बैंगाणी एवं अनेक संस्थाओं के पदाधिकारीगण तथा रोहिणी श्रावक समाज की उपस्थिति रही।

# शपथ ग्रहण समारोह

तेरापंथ युवक परिषद्, दिल्ली के सत्र 2019-20 के लिए नवमनोनीत अध्यक्ष श्री संजय संचेती एवं नवगठित पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन दिनांक 07 जुलाई 2019 रविवार को 'शासनश्री' साध्वीश्री अशोकश्री जी ठाणा-5 के पावन सान्निध्य में अणुव्रत भवन में किया गया।




श्री विमल सुराणा ने परिषद् को श्रावक निष्ठा पत्र का वाचन करवाया। निवर्तमान अध्यक्ष श्री पुखराज लोढ़ा ने नव मनोनीत अध्यक्ष श्री संजय संचेती को शपथ दिलाई। तत्पश्चात अध्यक्ष महोदय ने अपने पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी के नामों का उल्लेख किया। पदाधिकारियों को श्री सुखराज सेठिया एवं कार्यकारिणी सदस्यों को श्री प्रमोद घोड़ावत व श्री मनोज बोरड़ ने दायित्व निर्वहन की शपथ दिलाई।



शपथ ग्रहण के पश्चात् अध्यक्ष महोदय ने अपना प्रभावशाली व्यक्तव्य दिया, अणुव्रत महासमीति के अध्यक्ष श्री अशोक संचेती, जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा दिल्ली के महामंत्री श्री विजय चोपड़ा, तेरापंथ महिला मंडल की मंत्री श्रीमती सरोज सिपानी, शाहदरा सभा के अध्यक्ष श्री अशोक बैद ने नवगठित टीम के प्रति अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।



कार्यक्रम में पावन प्रेरणा पाथेय साध्वीश्री चिन्मयप्रभा जी, साध्वीश्री मंजुयशा जी ने प्रदान किया।



कार्यक्रम में अभातेयुप के पूर्व अध्यक्ष युवक रत्न श्री सुखराज सेठिया, अणुव्रत महासमिति के अध्यक्ष श्री अशोक संचेती, दिल्ली सभा के पूर्व अध्यक्ष श्री गोबिन्द बाफना, दिल्ली सभा के महामंत्री श्री विजय चोपड़ा, महिला मंडल की मंत्री श्रीमती सरोज सिपानी, श्रेष्ठ कार्यकर्ता श्री अरूण संचेती, युवा गौरव श्री पुखराज सेठिया, तेयुप दिल्ली के पूर्व अध्यक्ष श्री प्रमोद घोड़ावत, श्री मनोज बोरड़, श्री कमल गांधी, निवर्तमान अध्यक्ष श्री पुखराज लोढ़ा, तेयुप दिल्ली के पूर्व मंत्री तथा दिल्ली सभा के पूर्व अध्यक्ष श्री विमल सुराणा, शाहदरा सभा अध्यक्ष श्री अशोक बैद, शालीमारबाग सभा अध्यक्ष श्री नवीन जैन, अभातेयुप के प्रतिनिधि के रूप में श्री नितेश बैद एवं श्री जतन श्यामसुखा, श्री संजय सुराणा एवं अनेक संस्थाओं के सम्मानित पदाधिकारीगण एवं श्रावक समाज की सहभागिता रही। कार्यक्रम का कुशल संचालन नवमनोनीत मंत्री श्री मुकेश बोरड़ ने किया।



# चातुर्मासिक मंगल प्रवेश में सहभागिता

परम श्रद्धेय आचार्य श्री महाश्रमण जी ने महती कृपा कर दिल्ली में सात स्थलों पर चारित्रात्माओं का प्रवास प्रदान कराया। 'शासन श्री' साध्वी श्री संघमित्राजी का ओसवाल भवन (शाहदरा), 'बहुश्रुत' साध्वी श्री कनकश्रीजी का तेरापंथ भवन (कृष्णा नगर), 'शासनश्री' साध्वीश्री अशोकश्रीजी का (अणुव्रत भवन), 'शासनश्री' साध्वीश्री रतनश्रीजी का (ग्रीन पार्क), 'शासनश्री' साध्वीश्री जयप्रभाजी का तेरापंथ भवन (रोहिणी), 'शासन श्री' साध्वीश्री रविप्रभाजी का गोयल श्रद्धा भवन (शालीमार बाग), साध्वी श्री डॉ. कुंदनरेखाजी का खिलौनी देवी धर्मशाला (पीतमपुरा) सभी स्थानों पर चातुर्मासिक प्रवेश, शोभा यात्रा, अभिनंदन समारोह तथा व्यवस्थाओं में युवासाथियों ने कर्मठता एवं जागरूकता का परिचय देते हुए सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई।






# मंत्र दीक्षा

भावी पीढ़ी को सुसंस्कारित कर उनमें धार्मिक संस्कार पुष्ट करने हेतु अभातेयुप के तत्वावधान में तेयुप दिल्ली द्वारा 21 जुलाई 2019 को दिल्ली में 6 चातुर्मासिक स्थलों पर साध्वीश्री जी के सान्निध्य में मंत्र दीक्षा का आयोजन किया गया।

1. ओसवाल भवन, शाहदरा – 'शासनश्री' साध्वीश्री संघमित्राजी (ज्ञानार्थी–167)
2. कृष्णा नगर – 'बहुश्रुत' साध्वीश्री कनकश्रीजी (ज्ञानार्थी–145)
3. रोहिणी – 'शासनश्री' साध्वीश्री जयप्रभाजी (ज्ञानार्थी–131)
4. पीतमपुरा – साध्वीश्री डॉ. कुंदनरेखाजी (ज्ञानार्थी–80)
5. शालीमार बाग – 'शासनश्री' साध्वीश्री रविप्रभाजी (ज्ञानार्थी–55)
6. ग्रीन पार्क – 'शासनश्री' साध्वीश्री रतनश्रीजी (ज्ञानार्थी–40)





सभी केन्द्रों में ज्ञानशाला के 618 ज्ञानार्थियों ने मंत्र दीक्षा ग्रहण की

ज्ञानशाला- दिल्ली के ज्ञानार्थियों द्वारा सभी स्थलों पर विभिन्न विषयों पर मनमोहक प्रस्तुति की गयी। सभी स्थलों पर साध्वीश्री जी का प्रेरक वक्तव्य हुआ तथा मंत्रों के महत्त्व पर मंगल उद्बोधन प्राप्त हुए।






कार्यक्रम में तेरापंथी सभा दिल्ली, स्थानीय सभाएं, तेममं दिल्ली, टी पी एफ दिल्ली, ज्ञानशाला दिल्ली के पदाधिकारीगण एवं अन्य गणमान्य श्रावक व श्राविका वर्ग की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की सुव्यवस्था में तेयुप दिल्ली के ज्ञानशाला प्रभारी श्री मनीष पुगलिया, पदाधिकारीगण, समस्त ज्ञानशाला सह-प्रभारियों एवं समस्त युवा शक्ति का श्रम नियोजित हुआ तथा स्थानीय सभाओं, ज्ञानशाला दिल्ली प्रभारी श्रीमती सरिता चोपड़ा एवं समस्त ज्ञानशाला प्रभारी, संचालक तथा प्रशिक्षिकाओं का पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम में श्री कमल सिंह फूल देवी पगारिया - (शाहदरा), श्री नितिन उज्जवल संचेती - (गांधीनगर), श्री छगनमलजी जम्मड़ - (पीतमपुरा), श्री सतपाल संजीव जैन - (रोहिणी), श्री माणक चंद-दीपक कुमार-मनीष पुगलिया - (मॉडल टाउन) का आर्थिक सहयोग प्राप्त हुआ। सभी के प्रति हार्दिक आभार।

## जैन संस्कारक प्रशिक्षण कार्यशाला

अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के तत्वावधान में तेरापंथ युवक परिषद दिल्ली द्वारा 4 अगस्त रविवार को तेरापंथ भवन रोहिणी में एक द्विवसीय कार्यशाला का आयोजन 'शासनश्री' साध्वीश्री जयप्रभाजी के पावन सान्निध्य में किया गया।

कार्यशाला में उत्तर भारत के 4 राज्यों (दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान में श्रीडूंगरगढ़, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ अंचल) से 60 प्रतिभागियों की प्रशिक्षण के लिए सहभागिता रही, जो संख्या आज तक की निष्पादित कार्यशालाओं में सबसे अधिक थी।



अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के कोषाध्यक्ष श्री नवीन बैंगानी, जैन संस्कार विधि के सहप्रभारी श्री मुकेश भटेवरा, सेवा सहप्रभारी श्री देवेंद्र डागा, मुख्य प्रशिक्षक श्री डालमचंद नौलखा, श्री बिमल कोटेचा, अभातेयुप के पूर्व अध्यक्ष श्री सुखराज सेठिया, श्री संजय खटेड़, दिल्ली सभा के अध्यक्ष श्री तेजकरण सुराणा, रोहिणी सभा के अध्यक्ष श्री विजय जैन, शास्त्री नगर सभा के अध्यक्ष श्री आसकरण आँचलिया, अभातेयुप से श्री जतन श्यामसुखा, निवर्तमान अध्यक्ष श्री पुखराज लोढ़ा, युवक परिषद दिल्ली के परामर्शक श्री धनपत बोथरा, तेयुप दिल्ली के पदाधिकारीगण श्री संजीव चिंडालिया, श्री विकास चोरड़िया, श्री संजीव जैन, श्री हेमराज राखेचा, श्री विकास बोथरा, श्री प्रवीण गोलछा, एवं दिल्ली क्षेत्र के श्रावक-श्राविका कार्यक्रम में सहभागी बने।

28 प्रतिभागियों को जैन संस्कारक के रूप में सफलता प्राप्त हुई। सभी को शुभकामनाएं व प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये। दिल्ली-एन.सी.आर से 8 संस्कारकों ने धी श्रेणी एवं 10 संस्कारकों ने ह्री श्रेणी से उत्तीर्ण होकर नया कीर्तिमान बनाया। कार्यक्रम का संचालन सहमंत्री श्री हेमराज राखेचा ने किया।

तेरापंथी सभा रोहिणी, सभी प्रशिक्षकगण, पधारे हुए अतिथियों एवं संस्कारकगण, संयोजक श्री सुशील डागा व सह संयोजक श्री अतुल जैन और प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से सहभागी बने सभी को सफल आयोजन के लिए साधुवाद।













# भिक्षु धम्मजागरण



तेरापंथ धर्मसंघ के आद्य प्रवर्तक महामना आचार्यश्री भिक्षु की मासिक तिथि तेरस पर अणुव्रत भवन में तेयुप दिल्ली की कार्यकारिणी द्वारा 13 अगस्त की संध्या को 'शासनश्री' साध्वीश्री अशोकश्रीजी की सहवर्तिनी साध्वीश्री चिन्मयप्रभाजी व साध्वीश्री मंजुयशाजी एवं श्रमणीवृंद रतनप्रज्ञाजी व सुमनप्रज्ञाजी के सान्निध्य में भिक्षु धम्म जागरण का आयोजन किया गया।

धम्म जागरण में सभी के द्वारा भिक्षु स्वामी के भजनों के संगान से परिसर अध्यात्मिक ऊर्जामय बन गया। परिषद् की टीम के सदस्यों की सराहनीय सहभागिता रही।

# "भक्तामर स्त्रोत अनुष्ठान"







20 अगस्त 2019- 'शासनश्री' साध्वीश्री संघमित्रा जी के सान्निध्य में भक्तामर स्त्रोत महाअनुष्ठान दंपत्ति विशेष का आयोजन ओसवाल भवन, विवेक विहार में किया गया। अनुष्ठान में 151 जोड़ों सहित लगभग 500-550 लोगों ने सहभागिता दर्ज की। 'शासनश्री' साध्वीश्री संघमित्रा जी ने भक्तामर स्तोत्र की महत्ता को बताते हुए कहा कि यह जैन धर्म का एक ऐसा महत्त्वपूर्ण स्तोत्र है जिसकी उपासना श्वेतांबर एवं दिगंबर सभी जैन संप्रदाय के लोग करते हैं। साध्वीश्री जी ने मंत्रों के उच्चारण के साथ अनुष्ठान शुरू कराया। तत्पश्चात् भक्तामर स्तोत्र का एक ध्यान करवाया एवं तन्मयता के साथ संगान किया। मुनि श्री सागरमल जी द्वारा रचित भगवान ऋषभ स्तुति के संगान के साथ अनुष्ठान पूर्ण हुआ। साध्वीश्रीजी ने श्रावक समाज को संबोधित करते हुए कहा कि युवक परिषद् के कार्यकर्ता जिस तरह अपना श्रम लगाकार कार्य कर रहे हैं वह अत्यंत प्रशंसनीय है। कार्यक्रम में क्षेत्रीय संयोजकों सहित समस्त कार्यकर्त्ताओं का सहयोग अति सराहनीय रहा। कार्यक्रम के संयोजक श्री पवन पारख का श्रम उल्लेखनीय रहा। कार्यक्रम का कुशल संचालन श्री सौरभ कोठारी ने किया। कार्यक्रम के लिए उदारमना सहयोगी श्री ताराचंद-हनुमानमल बोकड़िया परिवार का हार्दिक आभार।

# जैन विद्या कार्यशाला 2019




समण संस्कृति संकाय एवं अ.भा.ते.यु.प. के संयुक्त तत्वाधान में 25 अगस्त 2019 को आचार्यश्री महाप्रज्ञ द्वारा लिखित पुस्तक "संबोधि" पर आधारित कार्यशालाओं का आयोजन चारित्रात्माओं की पावन सन्निधि में किया गया। गुरुदेव की महती कृपा से तथा दिल्ली में विराजित समस्त चारित्र-आत्माओं के विशेष प्रेरणा से दिल्ली में 7 क्षेत्रों में 244 संभागियों ने भाग लिया। इस वर्ष दिल्ली का परिणाम लगभग 97 प्रतिशत रहा।

कार्यशाला में 200 अंको की परीक्षा में दिल्ली में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वालों के नाम व क्षेत्र-

प्रथम स्थानः प्राप्तांक 200/200 - निशा गर्ग-(शालीमार बाग)

द्वितीय स्थानः प्राप्तांक 198/200 - ममता संचेती-(पीतमपुरा)
खुशबू जैन-(रोहिणी) - तन्मय चिंडालिया-(अणुव्रत भवन)

तृतीय स्थानः प्राप्तांक 197/200 - संजू बैद-(कृष्णानगर)-
मनीष चोपड़ा-(कृष्णानगर) - दीपिका नाहटा-(शाहदरा)
के प्रति हार्दिक शुभकामनाएं।



इस वर्ष आध्यात्मिकता के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु दिल्ली क्षेत्र में सात स्थानों पर परीक्षा केन्द्र बनाए गए। समण संस्कृति संकाय की ओर से दिल्ली के सातों केन्द्रों का अखिल भारतीय स्तर पर स्तरीय मूल्यांकन भी किया गया।

76 से 100 परीक्षार्थीयों के केन्द्र वर्ग में कृष्णा नगर दिल्ली को प्रथम स्थान ।



1 से 25 परीक्षार्थीयों के केन्द्र वर्ग में अणुव्रत भवन दिल्ली को प्रथम स्थान ।

51 से 75 परीक्षार्थीयों के केन्द्र वर्ग में शाहदरा दिल्ली को तृतीय स्थान प्राप्त हआ।

तदर्थ सभी क्षेत्रों के प्रति अनन्त मंगलकामनाएं एवं सभी युवा साथी जो इस कार्य में संलग्न थे उनके एवं इस प्रकल्प के प्रभारी श्री प्रकाश सुराणा के प्रति बहुत-बहुत साधुवाद।



# अभिनव सामायिक






दिनांक 29.9.2019 तेरापंथ युवक परिषद दिल्ली द्वारा अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के निर्देशानुसार अभिनव सामायिक का कार्यक्रम दिल्ली में सभी सात चातुर्मास स्थलों पर चारित्रात्माओं के सान्निध्य में आयोजित किया गया, जिनमें परिषद के सदस्यों एवं कार्यकर्ताओं की सराहनीय सहभागिता रही। सभी स्थानों पर कुल 3265 सामायिक हुई ।

चारित्रात्माओं के सान्निध्य में **अभिनव सामायिक** के अंतर्गत उपस्थित श्रावक समाज ने भक्ति, जप, ध्यान एवं स्वाध्याय का विशेष प्रयोग किया जिससे संपूर्ण परिसर आध्यात्मय हो गए। सभी सात स्थानों पर जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा दिल्ली, सभी स्थानीय सभाओं एवं सभी संघीय संस्थाओं के पदाधिकारीगण एवं गणमान्य श्रावक-श्राविकाओं की सहभागिता रही।

इस अवसर पर सामायिक करने वाले सामायिक साधक-साधिकाओं को तेयुप दिल्ली द्वारा श्री जोधराज-हेमन्त-राजीव बैद के सौजन्य से मुख वस्त्रिका वितरित की गई। प्रायोजक परिवार के प्रति हार्दिक आभार। ज्ञातव्य है कि पिछले कई वर्षों से बैद परिवार द्वारा यह सौजन्य प्रदत्त है।

## आचार्य श्री भिक्षु सरकारी अस्पताल के नव भवन के शिलान्यास में सहभागिता

दिनांक 9 सितम्बर 2019 दिल्ली की स्वास्थ्य सेवाओं के लिये ऐतिहासिक दिन। मुख्यमंत्री श्री अरविंद केजरीवाल व स्वास्थ्य मंत्री श्री सत्येन्द्र जैन ने मोती नगर विधानसभा क्षेत्र में 270 बेड के नये मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल का शिलान्यास किया।

दिल्ली के मोती नगर क्षेत्र में स्थित 'आचार्यश्री भिक्षु सरकारी अस्पताल' में नए अस्पताल भवन के 'शिलान्यास कार्यक्रम' में साध्वीश्री डॉ. कुंदनरेखाजी का सान्निध्य एवं मंगल आशीर्वाद प्राप्त हुआ, कार्यक्रम में तेरापंथ युवक परिषद् की पूर्ण सहभागिता रही। साध्वीश्री जी के प्रति कृतज्ञता।




# बारह व्रत कार्यशाला





श्रावक के बारह व्रतों के प्रति जागरूकता प्रदान करने वाले कार्यक्रम 'बारह व्रत कार्यशाला' का आयोजन आभातेयुप निर्देशानुसार दिल्ली में विराजित सभी चारित्रात्माओं के सान्निध्य में 14 से 19 सितम्बर तक कार्यशाला नियोजित की गई। प्रतिदिन 2 व्रतों का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला के दौरान बारह व्रत पुस्तिका परिषद् द्वारा उपलब्ध कराई गई तथा 22 सिम्बर को इसकी परीक्षा ली गई।

# क्षेत्रीय सम्मेलन एवं संगठन यात्रा

**1. रोहिणी–** दि. 21 सितम्बर 2019, शनिवार को तेरापंथ भवन, रोहिणी, दिल्ली में क्षेत्रीय सम्मेलन एवं संगठन यात्रा का आयोजन किया गया, 'शासनश्री' साध्वीश्री जयाप्रभाजी ने अपना पावन सान्निध्य प्रदान करवाया। कार्यक्रम में वक्ता के रूप में श्री राजेश खींवसरा द्वारा वर्तमान व्यापारिक परिस्थितियों पर प्रेरक एवं सारगर्भित जानकारी दी गई।

**2. मानसरोवर गार्डन–** दि. 22 सितम्बर 2019 रविवार को तेरापंथ भवन, मानसरोवर गार्डन, दिल्ली में क्षेत्रीय सम्मेलन एवं संगठन यात्रा के द्वितीय चरण का आयोजन रखा गया। सम्मेलन में मानसरोवर गार्डन, पश्चिम विहार, मध्य दिल्ली के सदस्यों ने भाग लिया।

**3. ओसवाल भवन (शाहदरा, लक्ष्मी नगर एवं सूर्य नगर)–** दि. 23 सितम्बर 2019, सोमवार को ओसवाल भवन, विवेक विहार, दिल्ली में क्षेत्रीय सम्मेलन एवं संगठन यात्रा के तृतीय चरण का आयोजन किया गया, 'शासनश्री' साध्वीश्री संघमित्राजी के आशीर्वचन प्राप्त कर सम्मेलन शुभारम्भ किया। सम्मेलन में शाहदरा, लक्ष्मी नगर एवं सूर्यनगर के सदस्यों ने भाग लिया।

क्षेत्रीय सम्मेलनों में अध्यक्ष महोदय व पदाधिकारियों द्वारा सदस्यों की जिज्ञासाओं का सामाधान किया गया, वर्तमान व भविष्य की योजनाओं का विवरण प्रस्तुत किया गया व सभी युवाओं को परिषद् में अपनी उर्जा को निवेश करने की प्रेरणा दी गयी तथा अधिकाधिक संख्या में युवकों व किशोरों को सक्रियता से जोड़ने का आह्वान् किया ।









# तेरापंथ युवक परिषद, दिल्ली भवन शिलान्यास समारोह

दिनांक 30/09/2019 सोमवार "तेरापंथ युवक परिषद, दिल्ली का पांच दशक का सपना - भवन हो अपना" में एक स्वर्णिम अध्याय जुड़ा, तेयुप अध्यक्ष श्री संजय संचेती, जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा, शास्त्री नगर के अध्यक्ष, तेयुप दिल्ली के पूर्व अध्यक्ष, संस्कारक एवं उपासक श्री आसकरण आंचलिया, जयाचार्य सोसाइटी के अध्यक्ष श्री विजयराज सुराणा आदि पदाधिकारियों सहित समाज के अनेक गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में भवन शिलान्यास समारोह प्रातः 9:30 बजे ए-875 शास्त्री नगर, नई दिल्ली में जैन संस्कार विधि से आयोजित किया गया।

जैन संस्कार विधि के श्री श्रेणी के संस्कारक तेयुप दिल्ली एवं अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् के पूर्व अध्यक्ष श्री संजय खटेड़ की अगुवाई में तेयुप दिल्ली के जैन संस्कार विधि प्रभारी श्री सुशील डागा, संस्कारक एवं उपासक श्री विमल गुनेचा, अभातेयुप सदस्य एवं संस्कारक श्री जतन श्यामसुखा, संस्कारक श्री सुभाष दुगड़, संस्कारक श्री प्रकाश सुराणा, संस्कारक श्री कमल सेठिया सहित 13 संस्कारकों के समूह द्वारा इस कार्यक्रम का मंगलमय शुभारंभ किया गया, तेयुप अध्यक्ष श्री संजय संचेती, शास्त्री नगर सभा के अध्यक्ष श्री आसकरण आँचलिया एवं जयाचार्य सोसाइटी के मंत्री श्री हनुमानमल सुराणा के हाथों शिलान्यास किया गया, दिल्ली सभा के महामंत्री श्री विजय चोपड़ा, तेयुप दिल्ली पूर्व अध्यक्ष एवं महासभा में कार्यकारिणी सदस्य श्री सुभाष सेठिया, महिला मण्डल अध्यक्षा-श्रीमती निर्मला कोठारी, दिल्ली ज्ञानशाला प्रभारी श्रीमती सरिता चोपड़ा ओसवाल समाज के अध्यक्ष श्री बाबूलाल दुगड़, विकास मंच के अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश सुराणा, मानसरोवर गार्डन सभा अध्यक्ष श्री सुरेश चंद कोठारी, शालीमार बाग सभा अध्यक्ष नवीन जैन, पूर्व तेयुप अध्यक्ष, परामर्शक एवं पीतमपुरा सभा अध्यक्ष श्री लक्ष्मीपत भूतोड़िया, परामर्शक श्री धनपत बोथरा, युवक रत्न श्री के. सी. जैन, महासभा सदस्य श्री के. के. जैन, अणुव्रत समीति दिल्ली के उपाध्यक्ष श्री शांतिलाल पटावरी, श्री शांतिकुमार जैन, टी पी एफ अध्यक्ष श्री श्रील लुंकड़ सहित विभिन्न सभा संस्थाओं के पदाधिकारी गण, तेयुप दिल्ली के अनेक पूर्व अध्यक्षों श्री डालमचंद बैद, श्री हेमराज बैद, श्री राजेश बरड़िया, श्री गजेंद्र दुधेड़िया, श्री मनोज बोरड़, श्री कमल गांधी, निवर्तमान अध्यक्ष श्री पुखराज लोढ़ा अनेक पूर्व मंत्री एवं समाज के अनेक गणमान्य श्रावक समाज की उपस्थिति ने समारोह को गरिमामय बना दिया। तेयुप के सभी पदाधिकारियों सहित अनेक सदस्यों ने समारोह में सहभागिता दर्ज करवायी एवं अविस्मरणीय क्षणों के साक्षी बने। वर्तमान में भवन का निर्माण कार्य प्रगति पर है।







## “शासन श्री” साध्वी श्री अशोक श्री जी के संथारा काल में त्याग का क्रम एवं देवलोक गमन पर बैकुंठी यात्रा व्यवस्था









आचार्य श्री महाश्रमण जी की विदुषी शिष्या ‘शासनश्री’ साध्वीश्री अशोकश्रीजी के 25 दिनों तक संथारा संलेखना के अंतर्गत व्यवस्था, जाप एवं रात्रिकालीन देखरेख में अणुव्रत भवन में तेयुप दिल्ली की पूर्णकालिक सहभागिता रही। 14 नवंबर को सुबह 9:21 बजे अणुव्रत भवन में पुण्यात्मा ‘शासनश्री’ साध्वीश्रीजी ने महाप्रयाण किया।

जैन श्वेताम्बर तेरापंथ सभा दिल्ली द्वारा बैकुंठी यात्रा व्यवस्था का पूर्ण दायित्व तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली को प्रदान किया गया जिसको परिषद् के समर्पित कार्यकर्ताओं ने अथक परिश्रम द्वारा सुव्यवस्थित ढंग से सम्पादित किया।

अणुव्रत भवन से निगमबोध घाट तक परिषद के सदस्यों ने बैकुंठी यात्रा के दायित्व को तन्मयता के साथ निभाया। व्यवस्थाओं में सहभागी बने सभी साथियों अंतिम संस्कार में संभागी बने, संस्कारकगणों के प्रति साधुवाद -धन्यवाद।



## साध्वी श्री कुलबालजी के देवलोकगमन पर बैकुंठी यात्रा व्यवस्था

साध्वीश्री कुलबालाजी के 4 दिसम्बर 2019 प्रातः 8:35 पर देवलोक गमन के पश्चात बैकुंठी यात्रा व्यवस्था का पूर्ण दायित्व तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली को दिया गया जिसको परिषद् के समर्पित कार्यकर्ताओं ने परिश्रम के द्वारा बहुत ही सुन्दर एवं सुव्यवस्थित ढंग से सफल बनाया। व्यवस्थाओं में सहभागी बने सभी साथियों अंतिम संस्कार में संभागी बने, संस्कारकगणों के प्रति साधुवाद -धन्यवाद।

# फिट युवा हिट युवा

**1. मानसरोवर गार्डन-** तेरापंथ युवक परिषद्, दिल्ली द्वारा "फिट युवा हिट युवा" का कार्यक्रम दिनांक 1-12-2019 रविवार को बिन्द्रा पार्क, राजौरी गार्डन, नई दिल्ली में आयोजित किया गया। एक्यूप्रेशर ट्रैक पर चलने का अभ्यास किया गया, सभी युवकों द्वारा पार्क में स्थित जिम में व्यायाम किया गया, तेयुप के पूर्व अध्यक्ष एवं दिल्ली सभा के मंत्री श्री मनोज बोरड़ ने योग एवं प्राणायाम का अभ्यास करवाया। तेयुप अध्यक्ष श्री संजय संचेती द्वारा युवाओं को प्रेरणा दी गयी कि जीवन में योग एवं व्यायाम को अनवरत करते रहना चाहिए। कार्यक्रम में निवर्तमान अध्यक्ष श्री पुखराज लोढ़ा, मंत्री श्री मुकेश बोरड़ सहित पदाधिकारीगण, सभी क्षेत्रों के युवा साथियों एवं किशोर मंडल के सदस्यों की सहभागिता रही, कार्यक्रम का सफल आयोजन में क्षेत्रीय संयोजक श्री निखिल भुतोड़िया, सहसंयोजक श्री देव बैद एवं क्षेत्र के युवा साथियों का श्रम मुखरित हुआ। युवा साथी फिटनेस के प्रति जागरूक रहकर भविष्य में भी फिट रहने को कृत संकल्पित हुए।





**2. लक्ष्मी नगर-** तेरापंथ युवक परिषद, दिल्ली द्वारा 1फरवरी 2020 सुबह ललीता पार्क लक्ष्मी नगर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जैन संस्कारक श्री पवन गिड़िया ने नवकार मंत्र एवं लोगस्स का ध्यान के साथ शुभारंभ किया।



फिर सभी साथियों को श्री विकास बोथरा ने योगाभ्यास एवं प्रेक्षाध्यान का अभ्यास कराया। अध्यक्ष श्री संजय संचेती ने आह्वान किया कि यह ऊर्जा हमेशा बनी रहे, इस आयाम के माध्यम से आप सभी युवा अपने आप को स्वस्थ रखें, फिट रहे ताकि हम धर्म संघ की सेवा में और अधिक सक्षम बन सकें।



कार्यक्रम को सफल बनाने में क्षेत्र के सदस्य, तेयुप क्षेत्रीय संयोजक श्री राकेश लोढ़ा, सहसंयोजक श्री पुनीत गिड़िया, श्री आलोक जैन, श्री रवि बरमेचा, श्री सुमित बोथरा आदि सभी युवकों का परिश्रम मुखरित हुआ। युवा साथी फिटनेस के प्रति जागरूक रहकर भविष्य में भी फिट रहने को कृत संकल्पित हुए।







## अभातेयुप वार्षिक अधिवेशन-2019 में सहभागिता



अभातेयुप का वार्षिक अधिवेशन 9,10,11 नवम्बर 2019 को बैंगलोर में पूज्य प्रवर के पावन सान्निध्य में आयोजित हुआ। अधिवेशन में दिल्ली तेयुप पदाधिकारियों सहित 9 सदस्यों ने सहभागिता दर्ज कराई। अधिवेशन में तेयुप, दिल्ली को निम्नलिखित पुरस्कार प्राप्त हुए –

नेत्र दान – तृतीय

जैन संस्कार निर्माण कार्यशाला – श्रेष्ठ कार्यशाला

श्री जतन श्याम सुखा – सक्रिय कार्यकर्ता, स्टार परफोरमेन्स ऑफ द ईयर






## व्यक्तित्व विकास कार्यशाला के अंतर्गत- "एक कदम बेहतर संबंधो की ओर"

तेरापंथ युवक परिषद्, दिल्ली द्वारा दिनांक 12/12/2019 को व्यक्तित्व विकास कार्यशाला के अंतर्गत कार्यक्रम **"एक कदम बेहतर संबंधो की ओर"** का आयोजन साध्वीश्री डॉ कुंदनरेखा जी ठाणा 4 एवं श्रमणी नियोजिका श्री मल्लिप्रज्ञा जी के सान्निध्य में दिल्ली उत्तर मध्य के मॉडल टाउन क्षेत्र में आयोजित किया गया।

श्री विकास बुच्चा ने कार्यक्रम में आपसी सामंजस्य से कैसे पारस्परिक संबंधो को अधिक बेहतर बनाएं एवं इसमें क्या कठिनाई आती है और उसके उपाय क्या हो सकते हैं ? इस विषय पर प्रेरक व प्रभावी वक्तव्य दिया।

कार्यक्रम में जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा, दिल्ली के अध्यक्ष श्री तेजकरण सुराणा, महामंत्री श्री विजय चोपड़ा, तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली के परामर्शक एवं पीतमपुरा सभा अध्यक्ष श्री लक्ष्मीपत भुतोडिया, जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा, दिल्ली उत्तर मध्य के मंत्री श्री सुरेंद्र दुगड़, तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम के अध्यक्ष श्री श्रींल लुंकड़, दिल्ली उत्तर मध्य सभा के पदाधिकारीगण, परिषद् के पदाधिकारियों एवं सदस्यों सहित दिल्ली के सभी क्षेत्रों के सदस्यों की सपरिवार सराहनीय उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का कुशल संचालन श्री राजेश बैंगानी ने किया। कार्यक्रम के आयोजन में क्षेत्रीय युवाओं के साथ वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री संजीव चिंडालिया क्षेत्रीय संयोजक श्री प्रतीक चिंडालिया एवं अनेकों कार्यकर्ताओं का श्रम उल्लेखनीय रहा। सभी के प्रति हार्दिक साधुवाद।






## जैन संस्कार विधि प्रशिक्षण कार्यशाला दिल्ली



दिनांक 15-12-2019 को अणुव्रत भवन में तेयुप दिल्ली द्वारा इस कार्यशाला का अयोजन किया गया । साध्वीश्री डॉ. कुन्दनरेखा जी ने अपने मंगल उद्बोधन में कहा कि जैन संस्कार विधि को इतना प्रभावकारी बनाना है कि जहां भी इस विधि से संस्कार होता हो वहां लोगों के दिलों में छाप छोड़े और इसे देखकर अन्य लोग भी इस विधि को अपनाएं। इस कार्यक्रम में 13 संस्कारक उपस्थित रहे। प्रवक्ता उपासक संस्कारक श्री विमल गुनेचा ने सभी संस्कारकों को अपने कुशल मार्गदर्शन एवं निम्न मुख्य विषयों पर प्रभावी प्रशिक्षण दिया-

# कार्यक्रमों में क्रमबद्धता।

# मंत्रोच्चार (शुद्धि और स्मरण)।

# लयबद्ध गीतिकाएं।

# उठावनी का प्रारूप।





कार्यक्रम का कुशल संचालन जैन संस्कार विधि प्रभारी श्री सुशील डागा ने किया। सभी संस्कारकों के प्रति आभार।

## प्रभु पार्श्व प्रणति 1008 उपवास

दिनांक 21 दिसम्बर 2019 को अभातेयुप के आह्वान पर प्रभु पार्श्वदेव जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। तेयुप दिल्ली ने पूर्ण उर्जा के साथ सहभागिता की, परिषद् व किशोर मंडल सदस्यों द्वारा एक दिन में 477 से अधिक उपवास प्रभु चरणों में अर्पित कर दिल्ली परिषद् को तपोयज्ञ में अग्रणी स्थान दिलाया। प्रबन्ध मंडल भी पूर्णतः तपोयज्ञ में सहभागी बना।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दिल्ली में विराजित समस्त चारित्रात्माओं की प्रेरणा रही उनके प्रति अनन्त कृतज्ञता। तपोयज्ञ में सहभागी व साहयक बने सभी साथियों के प्रति आभार एवं कार्यक्रम संयोजक श्री विनोद चोरड़िया व श्री प्रकाश सुराणा के प्रति साधुवाद।









नूतन चिंतन नया विकास, युवकों में जागे विश्वास

# जैन सामायिक फेस्टिवल

दिनांक 5 जनवरी 2020, रविवार को अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद द्वारा निर्देशित जैन सामायिक फेस्टिवल का कार्यक्रम तेरापंथ युवक परिषद दिल्ली द्वारा संपूर्ण दिल्ली के अलग अलग क्षेत्रों में प्रातः 9:00 बजे आयोजित किया गया। तेरापंथी श्रावक-श्राविकाओं के साथ दिगम्बर सम्प्रदाय, स्थानकवासी संप्रदाय, श्री जैन मंडार संघ, आराधक जैन संघ एवं मूर्तिपूजक समुदाय के श्रावक श्राविकाओं ने कार्यक्रम में भाग लिया एवं नमस्कार महामंत्र का सामूहिक जाप किया गया। परिषद् द्वारा आयोजित 8 केन्द्रों एवं 11 स्थानों पर सधार्मिक जैन श्रावकों के साथ मिलकर 1537 समायिक कर विश्व मैत्री के लक्ष्य की ओर अग्रसर हुए।

इस कार्यक्रम में आभातेयुप के महामंत्री श्री मनीष दफ्तरी स्वयं दिल्ली पधार कर हमारे संभागी बने एवं युवाओं का उत्साहवर्धन किया व समग्र जैन समाज के प्रति आभार व्यक्त किया एवं भविष्य में इस कार्यक्रम को प्रत्येक वर्ष के प्रथम रविवार को ओयजित करने का आह्वान किया, जिसका सकल जैन समाज ने समर्थन किया।

अल्प समय में संयोजको, श्री भूपेन्द्र सिंघवी, श्री राकेश बैंगानी, श्री मुकेश बोथरा द्वारा कार्यक्रम का दायित्व अति उत्साह एवं कुशलतापूर्वक संपादित किया गया, संयोजकों के प्रति साधुवाद। तेरापंथी सभा दिल्ली, तेरापंथ महिला मंडल, टी.पी.एफ., सभी क्षेत्रीय सभाएं, एवं सकल जैन संस्थाओं का जिनका सहयोग इस आयोजन में समाहित रहा सभी के प्रति कृतज्ञता।







# आचार्य श्री महाप्रज्ञ जी के जन्म शताब्दी वर्ष के अन्तर्गत आयोजित कार्यक्रम

## प्रेक्षा ध्यान कार्यशाला



आचार्य श्री महाप्रज्ञ जन्म शताब्दी वर्ष के अंतर्गत दिनांक 07 जुलाई 2019 रविवार को प्रातः 9:00 बजे अणुव्रत भवन के प्रांगण में 'प्रेक्षाध्यान कार्यशाला' का आयोजन 'शासनश्री' साध्वीश्री अशोकश्रीजी के पावन सान्निध्य मे किया गया। साध्वीश्री मंजुयशाजी ने सभी को अभ्यास करवाया। साध्वीश्रीजी के प्रति कृतज्ञता।

कार्यशाला में लगभग 100 से अधिक युवकों, समाज के कई गणमान्य व्यक्तियों एवं श्रावक समाज ने अपनी सहभागिता दर्ज करवायी, सभी ने प्रेक्षा ध्यान कार्यशाला का लाभ लिया।





# एक शाम महाप्रज्ञ के नाम

**1. गांधी नगर-** दिनांक 30/12/2019 को आचार्य महाप्रज्ञ जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर "एक शाम महाप्रज्ञ के नाम" कार्यक्रम के अन्तर्गत "प्रणाम प्रज्ञा राश्मियों को" का आयोजन 'बहुश्रुत' परिषद की सदस्या साध्वीश्री कनकश्रीजी के पावन सान्निध्य में तेरापंथ भवन, कृष्णा नगर में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ ज्ञानशाला के ज्ञानार्थी संयम नाहर द्वारा महाप्रज्ञ अष्टकम् के संगान से किया गया, कार्यक्रम में आमंत्रित गायक श्री विमल गुनेचा, श्री संजय भटेरा, श्री ललित श्यामसुखा, श्रीमती रेखा बोथरा एवं श्री हनुमान नाहटा ने अपनी सुमधुर आवाज से आयोजन को सुरमय बनाया, महिला मण्डल की बहिनों ने गीतिका की प्रस्तुति दी, साध्वीवृंद द्वारा अति सुन्दर गीतिका का संगान किया गया।

दिल्ली सभा के मंत्री एवं तेयुप दिल्ली के परामर्शक श्री इन्द्र बैंगानी, शाहदरा सभा के मंत्री श्री राजेन्द्र सिंघी, गांधीनगर सभा के अध्यक्ष श्री जुगराज डागा एवं अन्य पदाधिकारीगण, ओसवाल भवन के अध्यक्ष श्री बाबूलाल दुगड़ एवं अन्य पदाधिकारी, विकास मंच कृष्णा नगर के महामंत्री श्री अनिल पटवा एवं अन्य पदाधिकारीगण, पूर्व तेयुप अध्यक्ष श्री राजेश बरड़िया, टी.पी.एफ. के मंत्री श्री अंकित श्यामसुखा, कार्यक्रम के प्रायोजक श्री सूरजमल-दिनेश बाफणा, दिल्ली तेयुप के पदाधिकारीगण, महिला मंडल के पदाधिकारीगण, अणुव्रत समिति एवं विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि, श्रावक समाज के गणमान्य व्यक्तियों सहित अच्छी संख्या में तेयुप सदस्यों ने अपनी सहभागिता दर्ज करायी। कार्यक्रम का कुशल संचालन क्षेत्रीय संयोजक राकेश पुगलिया ने किया। कार्यक्रम हेतु उदारमना सहयोग के लिए श्री सुरजमल दिनेश जी बाफना (नोखा-दिल्ली) के प्रति हार्दिक आभार।















2. दक्षिणी दिल्ली- आचार्य महाप्रज्ञ जी जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर "एक शाम महाप्रज्ञ के नाम" कार्यक्रम का आयोजन 'शासनश्री' साध्वीश्री रतनश्रीजी एवं 'शासनश्री' साध्वीश्री जयप्रभाजी के पावन सान्निध्य में दिनांकः 16.02.2020 को गोयल श्रद्धा निवास ग्रीन पार्क, दिल्ली में आयोजित किया।

स्वर-संध्या का विधिवत शुभारंभ साध्वीवृंद द्वारा 'महाप्रज्ञ अष्टकम्' के संगान से किया गया, कार्यक्रम में श्री सुशील डागा, श्री हीरालाल गेलड़ा, श्री मनोज खटेड़ एवं आमंत्रित सुप्रसिद्ध गायक श्री कमल छाजेड़ ने अपनी सुमधुर आवाज से आयोजन को श्रद्धामय बनाया, महिला मण्डल की बहिनों एवं तेयुप के सदस्यों द्वारा सामूहिक गीतिका की प्रस्तुति दी गई।

दिल्ली सभा के निवर्तमान अध्यक्ष श्री गोविंद बाफना, महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती निर्मला कोठारी, दक्षिणी दिल्ली सभा के अध्यक्ष श्री अरविंद दुगड़, मंत्री श्री हीरालाल गेलड़ा, तेयुप दिल्ली के पूर्व अध्यक्ष श्री कैलाश डूंगरवाल, परामर्शक श्री पुखराज सेठिया एवं श्रावक समाज के अनेक गणमान्य व्यक्तियों सहित तेयुप के पदाधिकारीगण एवं सदस्यों ने अपनी सहभागिता दर्ज करायी।


कार्यक्रम का कुशल संचालन सांस्कृतिक प्रभारी श्री विकास सुराणा ने किया। कार्यक्रम के आयोजन में क्षेत्रीय युवाओं के साथ क्षेत्रीय संयोजक श्री अमित डूंगरवाल का श्रम उल्लेखनीय रहा। कार्यक्रम हेतु उदारमना सहयोग के लिए श्री भंवर लाल गोलछा के प्रति हार्दिक आभार।












3. मानसरोवर गार्डन- आचार्य श्री महाप्रज्ञ जी के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर दिनांक 23 फरवरी 2020 को मानसरोवर गार्डन स्थित मंडार जैन भवन में 'बहुश्रुत' साध्वीश्री कनकश्रीजी के पावन सान्निध्य में ''स्वर-संध्या'' का आयोजन किया गया। साध्वीश्री कनकश्रीजी ने प्रेरक उद्‌बोधन व साध्वीश्री मधुलेखाजी एवं साध्वीश्री समितिप्रभाजी ने सुरमयी भावांजलि प्रस्तुत की।

राष्ट्रीय 'सरगम' प्रतियोगिता के प्रथम विजेता मधुर गायक श्री विकास सिंधी, श्री रितेश मालू, श्री विकास सुराणा, श्री हेमराज राखेचा, श्री हेमंत बैद, श्री श्रेयांश चौरडिया, श्री अनुराग बोथरा, श्री अंकित बैद, श्री मनीष बरमेचा, श्री लक्ष्मीपत कुंडलिया, श्रीमती रेखा बोथरा, श्रीमती मधु रांका तथा श्रीमती जया पटवा - इन स्थापित और नवोदित कलाकर युवकों एवं युवतियों ने अपने भक्ति भरे गीतों से आयोजन को श्रद्धामय बनाया। दिल्ली के अनेक क्षेत्रों से पधारे विभिन्न सभा-संस्थाओं के प्रतिनिधिगण एवं क्षेत्रीय श्रावक-श्राविकाओं की सराहनीय उपस्थिति रही।

श्री तेजकरण सुराणा अध्यक्ष तेरापंथी सभा दिल्ली, श्री कैलाश डूंगरवाल सदस्य महासभा कार्यसमिति, श्री अशोक संचेती पूर्व अध्यक्ष अणुव्रत महासमिति, श्री सुरेश कोठारी अध्यक्ष मानसरोवर गार्डन सभा, श्री लक्ष्मीपत भुतोडिया अध्यक्ष पीतमपुरा सभा एवं परामर्शक तेयुप दिल्ली, श्री विजय जैन अध्यक्ष रोहिणी सभा, श्री श्यामलाल जैन अध्यक्ष पश्चिम विहार सभा, श्री नवीन जैन अध्यक्ष शालीमार बाग, श्री पवन चोपड़ा मंत्री शास्त्रीनगर सभा, श्रीमती मंजू जैन मंत्री दिल्ली ते.म.मं., पूर्व तेयुप अध्यक्ष - श्री डालमचंद बैद, श्री बाबूलाल भुतोडिया, पूर्व अध्यक्ष तेयुप दिल्ली एवं मंत्री तेरापंथी सभा दिल्ली, श्री मनोज बोरड़, निवर्तमान अध्यक्ष श्री पुखराज लोढ़ा आदि गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का कुशल संचालन श्री राहुल बोथरा ने किया। कार्यक्रम के आयोजन में क्षेत्रीय युवाओं के साथ कार्यक्रम संयोजक श्री प्रवीण डूंगरवाल एवं क्षेत्रीय संयोजक श्री निखिल भूतोड़िया का श्रम उल्लेखनीय रहा। कार्यक्रम हेतु उदारमना सहयोग के लिए श्री प्रकाश चंद-प्रेणित नाहटा (जसोल-दिल्ली) के प्रति हार्दिक आभार।









## ऑनलाइन प्रतियोगिता - "तुलसी महाप्रज्ञ प्रश्नोत्तरी"




आचार्य महाप्रज्ञ जन्म शताब्दी वर्ष के अंतर्गत ऑनलाइन तुलसी महाप्रज्ञ प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन 4 चरणों में प्रश्न पत्रों द्वारा दिनांक 9,16,23 फरवरी एवं 1 मार्च को किया गया।

प्रतियोगिता में प्रत्येक रविवार सायं को 25 प्रश्नों के सेट द्वारा कुल 4 बार में सौ प्रश्न किये गये। पूर्णतः मोबाईल पर संचालित प्रतियोगिता में 497 ज्ञानार्जन कर्ताओं ने भाग लिया। चयनित शीर्ष 10 विजेताओं को मोबाईल के माध्यम से शुभकामनायें प्रेषित की गईं। समस्त समाज ने अच्छी प्रतियोगिता के लिए तेयुप दिल्ली के प्रति शुभासंशा प्रेषित की।

तेयुप दिल्ली के कोषाध्यक्ष श्री विकास बोथरा एवं संयोजक श्री प्रतीक गिड़िया के सराहनीय प्रयास से प्रतियोगिता सफल एवं आकर्षक रही। प्रतियोगिता हेतु उदारमना सहयोग श्री कमल-रवि-राकेश गोलछा (श्री बालाजी इलेक्ट्रॉनिक्स) के प्रति हार्दिक आभार।

## अमृत वचन




आचार्य महाप्रज्ञ जन्म शताब्दी वर्ष के अंतर्गत महाप्रज्ञ जी के संदेशों को संक्षिप्त रूप से जन-जन तक पहुंचाने के लिए अमृत वचन श्रृंखला का शुभारंभ, नवंबर 2019 से किया गया। जिसके माध्यम से हर व्यक्ति के जीवन को प्रभावित करने वाले संदेश जन-जन तक पहुंचाये गए।

आचार्यश्री के साहित्य एवं प्रवचनों में से संकलित कर सोशल मीडिया के द्वारा लगभग 200 अमृत वचन का संपादन कोषाध्यक्ष श्री विकास बोथरा द्वारा एवं प्रचारित तेयुप दिल्ली द्वारा किया गया।

## महाप्रज्ञ तप अनुष्ठान

तेयुप दिल्ली की सत्र 2019-2020 की कार्यकारिणी की प्रथम बैठक में ही तपोयोग को शुरू करने की सहमति परिषद् द्वारा प्रदान की गई। महाप्रज्ञ जन्म शताब्दी वर्ष के अन्तर्गत होने वाले इस कार्यक्रम का नाम 'महाप्रज्ञ तप अनुष्ठान' रखा गया। इसके अंतर्गत माह की प्रत्येक 9 तारीख को उपवास का निर्णय किया गया।

प्रथम उपवास 9 अगस्त से शुरू किया गया, जो कि आठ माह तक किया गया। इसके अन्तर्गत पूज्य चरण में कुल 272 उपवास किये गये व किसी भी माह तीस से कम उपवास नहीं हुए। अतः कम से कम एक मासखमण प्रत्येक माह अवश्य किया गया। सभी सहयोगियों सहित संयोजकद्वय श्री विनोद चोरड़िया एवं श्री प्रकाश सुराणा का अवर्णनीय योगदान रहा।

## MBA (मेरी भी आहुति)

**MBA** (मेरी भी आहुति) गुरूदेव के दीक्षा दिवस पर आयोजित अभातेयुप का एक ऐसा कार्यक्रम था जिसमें समाज के भिन्न भिन्न जाति व धर्म के लोगों की सहभागिता रही। तेयुप दिल्ली भी पूर्ण जोश व उत्साह से इस कार्यक्रम में सहभागी बना। कुल **1898** से अधिक सहभागी सदस्यों ने गुरु चरणों में अपनी आहुति दी। हमारे परामर्शक मंडल, प्रबंध मंडल व कार्यसमिति पूर्णतया **MBA** बने। इससे समाज के विभिन्न सभा संस्थाओं के वर्तमान व पूर्व पदाधिकारियों की तथा तेयुप दिल्ली के पूर्व पदाधिकारियों की उत्साहवर्धक संभागिता रही।

गुरुदेव की महती कृपा से यह कार्यक्रम बहुत ही सफल रहा। इसको सफल बनाने के लिए दिल्ली में विराजित चारित्रात्माओं के प्रति अनन्त कृतज्ञता। इसमें सहभागी व सहयोगी सभी को साधुवाद। कार्यक्रम के संयोजक श्री विनोद चोरड़िया व श्री प्रकाश सुराणा इस कार्यक्रम के प्रति अनन्त समर्पित रहे साधुवाद-साधुवाद।

## चातुर्मास एवं पर्युषण काल में सेवा उपासना एवं व्यवस्थाओं में दायित्व निर्वहन

सम्पूर्ण चातुर्मास काल में दिल्ली के सभी चातुर्मासिक स्थलों पर चारित्रात्माओं की सेवा का सुअवसर परिषद के कर्मठ साथियों को निरंतर प्राप्त हुआ। चातुमार्सिक प्रवास व पर्युषण पर्व के समय परिषद् ने सभी व्यवस्थाओं में जागरूकता का परिचय दिया। कर्मठ साथियों ने पयुर्षण काल में दिल्ली सभा एवं स्थानीय सभाओं की अपेक्षित व्यवस्थाओं को तत्परता से संभाल दायित्वों का सक्रियता के साथ निवर्हन किया। सहभागी बने सभी साथियों को कोटि-कोटि साधुवाद।

## MBDD रक्तदान - महादान

परिषद् द्वारा समाज में आवश्यकता पड़ने पर तथा परिषद् को अवगत कराने पर परिषद् के साथियों द्वारा हॉस्पीटल जाकर समय-समय पर रक्तदान किया गया। परिषद् के आह्वान पर रक्तदान हेतु उपस्थित सभी साथियों के प्रति हार्दिक साधुवाद।

# महामंत्री श्री मनीष दफ्तरी द्वारा सार संभाल यात्रा

अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के महामंत्री श्री मनीष दफ्तरी का परिषद की सार संभाल के लिए 4 जनवरी 2020 को दिल्ली आगमन हुआ।

आपका तेयुप दिल्ली के सदस्यों द्वारा विवेक विहार में ओसवाल भवन में स्वागत का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें पूरी दिल्ली के सभी क्षेत्रों से सदस्यों ने उपस्थित रहकर सहृदय अभिनंदन किया। अभातेयुप सदस्य श्री जतन श्यामसुखा, पूर्व मंत्री श्री प्रमोद संचेती, निवर्तमान मंत्री श्री राकेश बैंगानी एवं पूर्व पदाधिकारियों ने शाल्यार्पण से सम्मान किया।

महामंत्री मनीष जी ने अपने उद्बोधन में कहा दिल्ली हमारे दिलों में रहती है। परिषद को सेवा संस्कार संगठन के क्षेत्र में अखिल भारतीय स्तर पर प्रथम परिषद के रूप में आगे लेकर जाना है। आपने आपनी कार्यशक्ति एवं समर्पण से तपोयज्ञ द्वारा जिस सफलता का परिचय दिया है। वो अद्भुत है। परिषद के तपोयज्ञ में राष्ट्रीय किर्तिमान की सफलता के लिए आपने सभी पदाधिकारियों, सदस्यों एवं संयोजक श्री प्रकाश सुराणा और श्री विनोद चोरड़िया को शुभकामनाएं एवं बधाइयां प्रेषित की और विश्वास जताया कि आने वाले समय में दिल्ली परिषद् अपने कार्यों की गूंज से संपूर्ण भारत में अग्रणी भूमिका निभाएगी। आपने सदस्यों की जिज्ञासाओं को सुनते हुए, परिषद् के सभी सदस्यों के प्रति इस अपार स्नेह के लिए हार्दिक आभार प्रकट किया।

5 जनवरी को जैन सामयिक फेस्टीवल में आपकी सहभागिता एवं अध्यक्षता तेरापंथ भवन कृष्णा नगर में रही जहां पर 'बहुश्रुत' साध्वीश्री कनकश्रीजी ठाणा-5 के सान्निध्य में लगभग 500 से अधिक सकल जैन समाज की सराहनीय उपस्थिति में जैन एकता के लिए सामायिक का आयोजन दिल्ली परिषद द्वारा किया गया। महामंत्री श्री मनीष दफ्तरी ने समागत सकल जैन समाज का अंतःहृदय से स्वागत किया। समस्त जैन समाज ने तेरापंथ धर्मसंघ के आचार्य श्री महाश्रमण जी की प्रेरणा से अभातेयुप के इस प्रयास की सराहना की एवं भविष्य में भी करते रहने पर उनका सहयोग का आश्वासन दिया।






# 'सामयिक सहित मंगलमंत्रो का जाप'

कोरोना संकट से ग्रस्त कालखंड में समस्त श्रावक समाज में समता भावों के सप्रेषण हेतु पूज्यप्रवर द्वारा इंगित का आराधन करते हुए तेयुप दिल्ली द्वारा सामायिक सहित मंगल मंत्रों का जाप का आह्वान किया गया। संपूर्ण परिषद् ने उपरोक्त कार्य में अपनी ऊर्जा नियोजित की व वृहद स्तर पर परिणााम भी प्राप्त हुआ।



यह कार्यक्रम लॉकडाऊन घोषित करने के बाद 28 मार्च से आरंभ किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग प्रतिदिन 1700 सामयिक एवं जप हुये। माह में लगभग 51000 सामयिक हुई। यह कार्यक्रम निरंतर लगभग 2 माह तक गतिमान रहा। कार्यक्रम का सफल निष्पादन तेयुप दिल्ली के पदाधिकारियों, क्षेत्रीय संयोजकों एवं तपोयज्ञ संयोजको श्री विनोद चोरड़िया, श्री प्रकाश सुराणा के सामूहिक प्रयासों की निष्पत्ति रहा।

# लॉक डाउन काल में परिषद द्वारा राहत कार्यक्रम

दिनांक 15 अप्रैल 2020 कोरोना वैश्विक महामारी के दुःषम काल में तेरापंथ युवक परिषद दिल्ली ने मोती नगर क्षेत्र में स्थित आचार्य श्री भिक्षु सरकारी अस्पताल के 50 कर्मियों को त्वरित भोजन सामग्रियां उपलब्ध करवाई। तेयुप दिल्ली द्वारा निःस्वार्थ भाव से एवं सामाजिक दूरी का पालन करते हुए इन सामग्रियों को स्थानीय कार्यकर्ताओं के प्रयास से उपलब्ध करवाया।

तेयुप दिल्ली आभारी है श्री संजय अभिषेक सुराना (सुरेंद्र कुमार सुराणा चैरिटेबल ट्रस्ट राजगढ़-दिल्ली का जिन्होने इस कार्य हेतु अपना उदारमना सहयोग एवं सेवा प्रदान की। अस्पताल के अधीक्षक डॉ. बी बी प्रसाद ने तेयुप दिल्ली को इस सराहनीय सहयोग के लिए प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से धन्यवाद भी ज्ञापित किया।

इसके साथ ही तेरापंथ युवक परिषद दिल्ली ने तेरापंथ सभा दिल्ली, महिला मंडल, तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम एवं सभी क्षेत्रीय सभाओं और संघीय संस्थाओं के साथ मिलकर तेरापंथी परिवारों की आर्थिक मदद की जिसमें लगभग 95 परिवार लाभान्वित हुए।

# अभातेयुप का आह्वान
# गुरूदेव की सुखद यात्रा पर उपवास की श्रृखंला

परमपूज्य गुरुदेव एवं धवल सेना का मंगल विहार कर हैदराबाद की ओर सुखसाता पूर्वक पहुंचने पर आभातेयुप के आह्वान पर तथा अत्यंत अल्प समय में 8 जून 2020 को गणाधिपति पूज्य गुरुदेव श्री तुलसी के 24 वें पुण्यतिथि पर अध्यात्म के पुष्प अर्पण करने के लिए तेरापंथ युवक परिषद दिल्ली द्वारा 21 उपवास की मंगलमय आराधना की गई एवं क्रमशः 24 जून से 28 जून तक उपवास (5 से 1 लड़ी) जारी रही। इस महनीय कार्य में योग भूत बने सभी साथियों एवं संयोजक द्वय श्री विनोद चोरडिया एवं श्री प्रकाश सुराणा को हार्दिक साधुवाद।

## जैन संस्कार विधि प्रचार-प्रसार

***'अपने संस्कार-अपनी विधि'*** मानव जीवन में घटित होने वाले मांगलिक कार्यो को जैन संस्कार विधि द्वारा निष्पादित करने हेतु जन मानस को प्रोत्साहित करने एवं जैन संस्कार विधि के प्रचार-प्रसार में तेयुप दिल्ली सतत् प्रयत्नशील है।

अध्यात्मिक शक्ति जागृत हो,

'जैन संस्कार विधि' समाहित हो।

परिषद् द्वारा जैन संस्कार विधि से होने वाले मांगलिक आयोजनों हेतु संस्कारक उपलब्ध कराए जाते हैं और सामाजिक स्तर पर जैन विधि अपनाने के लिए उत्साहवर्धन किया जाता है। इसी श्रृंखला में भगवान महावीर निर्वाण दिवस (दीपावली) के अवसर पर संस्कार विधि द्वारा 'दीपावली पूजन कार्यशाला' - माडल टाउन, रोहिणी आदि विभिन्न स्थानों में आयोजित की गई।





# जैन संस्कार विधि

जहां जीवन है वहां अनेक प्रकार की स्थितियों का आगमन होता है तथा अनेक प्रकार के संस्कारों द्वारा संस्कारित होना होता है। उनमें समय-समय पर परिष्कार की अपेक्षा भी होती है। जैन संस्कार विधि का प्रादुर्भाव हुआ। यह किसी प्रक्रिया का रूप ना होकर मात्र अपने आप को अल्पारंभ और अल्प परिग्रह की दिशा में ले जाने का प्रयत्न होगा तो निश्चित ही जीवन के लिए दिशा-दर्शन बन सकेगा। जीवन के महत्त्वपूर्ण कार्यक्रमों में जैन संस्कार विधि का उपयोग हो इसी उद्देश्य को लक्षित करते हुए दिल्ली एनसीआर में इस कार्यकाल के दौरान लगभग 65 कार्यक्रम जैन संस्कार विधि से संपादित हुए

**वर्ष भर में जैन संस्कार विधि से सम्पादित होने वाले कार्य -**

1. दीपावली पूजन ...................... 4
2. नामकरण संस्कार .................. 21
3. विवाह संस्कार ........................ 5
4. जन्म-दिवस संस्कार ................ 5
5. शिलान्यास संस्कार .................. 2
6. गृह-प्रवेश संस्कार ................... 6
7. शुभारम्भ संस्कार (व्यापारिक प्रतिष्ठान) ......... 7
8. जैन विधि कार्यशाला ................. 2
9. सगाई संस्कार ......................... 1
10. स्वर्ण जयन्ती संस्कार (विवाह के सन्दर्भ में) ...... 1
11. तप अनुष्ठान संपूर्ति संस्कार ....................... 5
12. संथारा विधि ........................... 1
13. अन्तिम संस्कार की विधि .......... 2
14. स्मृति सभा का आयोजन .......... 3






जैन संस्कार विधि कार्यक्रम आयोजनों में प्रभारी श्री सुशील डागा (जैन संस्कार विधि प्रभारी) के साथ समस्त संस्कारकों विशेषतः श्री अशोक संचेती, स्व. आसकरण आंचलिया, श्री संजय खटेड़, श्री राजकुमार जैन, श्री विमल गुनेचा, श्री इन्द्र बैंगाणी, श्री सुभाष दुगड़, श्री प्रकाश सुराणा, श्री जतन श्यामसुखा, श्री प्रदीप संचेती, श्री कमल सेठीया, श्री हेमराज राखेचा, श्री ललित श्यामसुखा, श्री हिम्मत राखेचा, श्री मनीष बरमेचा, श्री राजेश दुगड़, श्री सौरभ आंचलिया, श्री विकास सुराणा, श्री पवन गिड़िया, श्री अशोक सेठिया का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सभी के प्रति साधुवाद। परिषद् को अनेक व्यक्तियों द्वारा जैन संस्कार हेतु स्वैच्छिक विशेष अनुदान प्राप्त हुआ तदर्थ सभी के प्रति मंगलकामना।

# नेत्रदान - महादान



अभातेयुप के निर्देशन में तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली द्वारा संचालित नेत्रदान जागरूकता अभियान के अन्तर्गत सभी साथियों ने अपनी जागरूकता दिखायी। परिषद् ने बहुत ही उत्सुकता पूर्वक कार्य करने का संकल्प लेते हुए श्री मनोज मालू (मॉडल टाउन) को प्रथम बार इसका प्रभारी नियुक्त किया। उनके कुशल निर्देशन में यह कार्य बहुत ही सुचारू रूप से संचालित है। इस कार्यक्रम की विस्तृत रिपोर्ट स्वयं प्रभारी ***श्री मनोज मालू के कलम से ..................***

आराध्य के श्री चरणों में सभक्ति वंदना। तेयुप दिल्ली के प्रति आभार व मंगलकामनाएं, जिन्होंने मुझ जैसे कार्यकर्ता को प्रथमतया गठित मानवता को समर्पित इस महनीय प्रकल्प नेत्रदान का प्रभार प्रदान किया वर्ष पर्यन्त गुरू कृपा से मुझे जो सहयोग व सभी साथियों का प्रेम प्राप्त हुआ वह अक्षय निधि के रूप में सदैव मेरे साथ रहेगा। नेत्रदान आरंभ से ही मेरी रूचि का विषय रहा है तथा हार्दिक अभिलाषा है कि कोई भी व्यक्ति इस सुंदर संसार को देखने से वंचित ना रहे। मैं तेयुप के लिए विशेषकर नेत्रदान हेतु सदैव उपलब्ध रहूं यह स्वयं के प्रति मंगल कामना करता हूं तथा समस्त युवाशक्ति से आह्वान करता हूं कि आगे बढ़कर आत्मतोष के इस कार्य को अपने हाथों में ले एवं समाज ही नहीं बल्कि समग्र राष्ट्र तथा उससे भी आगे संपूर्ण विश्व में जागरूकता फैलाएं।

इस वर्ष दिल्ली परिषद् द्वारा प्रथम बार इस प्रभार की नियुक्ति की गई तथा परिषद् के युवा साथियों एवं समाज के जागरूक श्रावकों के योगदान से इस महनीय कार्य में 31 नेत्रदान 1 देहदान एवं 1 नेत्र प्रत्यारोपण दिल्ली परिषद् द्वारा हुआ है। मैं उन सभी दान दाताओं के परिवारजनों तथा मित्र जनों को हृदय से साधुवाद देता हूं जिन्होंने उस विषम परिस्थिति में इस मानव कल्याणकारी कार्य में अपना सहयोग प्रदान किया तथा उन सभी आत्माओं के अध्यात्मिक विकास की मंगल कामना करता हूं जो इसमें योगभूत बने।

अंत में पुनः सभी साथियों को निवेदन करता हूं आप जागरूक हों तथा समाज को जागरूक करें ताकि इस महान मानवता के कार्य में जुड़कर मानव कल्याण करते हुए आत्मतोष का अनुभव कर सकें।

ऊँ अर्हम्

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | स्व. आच्छा देवी भंसाली – | 13.06.2019 | 17. | स्व. मानकंवरी देवी बुच्चा – | 10.12.2019 |
| 2. | स्व. श्रीचंद जी संचेती – | 24.06.2019 | 18. | स्व. निशा देवी अग्रवाल – | 18.12.2019 |
| 3. | स्व. माधुरी देवी सिंघानिया – | 2.7.2019 | 19. | स्व. अमृत देवी नाहटा – | 19.12.2019 |
| 4. | स्व. सुभाष चन्द जी जैन – | 8.7.2019 | 20. | स्व. हनुमान मल जी छाजेड़ – | 23.12.2019 |
| 5. | स्व. पुष्पादेवी पटवा – | 6.8.2019 | 21. | स्व. जेठमलजी बैंगानी – | 2.1.2020 |
| 6. | स्व. अनिता देवी सुराणा – | 27.8.2019 | 22. | स्व. सागरमल जी विनायकिया – | 12.1.2020 |
| 7. | स्व. लीला देवी बोथरा – | 3.10.2019 | 23. | स्व. सम्पतमल जी डागा – | 13.1.2020 |
| 8. | स्व. सुमेरमल जी डोसी – | 7.10.2019 | | (नेत्रदान एवं देहदान) | |
| 9. | स्व. मोहनलालजी सुराणा – | 11.10.2019 | 24. | स्व. सम्पतराम जी पींचा – | 20.1.2020 |
| 10. | स्व. रामनिवासजी जैन – | 18.10.2019 | 25. | स्व. नौरतनमल जी बरमेचा – | 21.1.2020 |
| 11. | स्व. धन्नीदेवी छाजेड़ – | 29.10.2019 | 26. | स्व. विजयसिंह जी कोठारी – | 25.1.2020 |
| 12. | स्व. विजयसिंह जी कठोतिया– | 18.11.2019 | 27. | स्व. रिद्धकरण जी बैद – | 27.1.2020 |
| 13. | स्व. बिजयचन्दजी जैन – | 18.11.2019 | 28. | स्व. सेंसकरण जी भूतोड़िया – | 1.2.2020 |
| 14. | स्व. तारादेवी सुराणा – | 20.11.2019 | 29. | स्व.हर्षचन्द जी जैन – | 1.2.2020 |
| 15. | स्व. फूलवती देवी सिंघल – | 28.11.2019 | 30. | स्व. मायावती देवी चोरड़िया – | 7.2.2020 |
| 16. | स्व. पूर्णिमा देवी संचेती – | 4.12.2019 | 31. | पारसजी सेठिया – | 12.3.2020 |




VENU EYE INSTITUTE & RESEARCH CENTRE
Press Enclave Marg, 1/31, Sheikh Sarai Institutional Area, Phase-II, New Delhi – 110017
Ph.: 29251155-56, Fax: 29250952, Email: eyebank@venueyeinstitute.org

*Certificate of Appreciation*

This certificate is awarded in appreciation of the services rendered by **Shri Manoj Maloo, Motivator** towards the noble cause of Eye Donation.

*Date: 08/09/2019*

*Tanuja Joshi (Managing Director)*



नूतन चिंतन नया विकास, युवकों में जागे विश्वास

# विशेष सहयोग

किसी भी संगठन द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में विशेष अपेक्षा रहती है अर्थ की। परिषद को अनेकानेक उदारमना महानुभावों द्वारा आर्थिक सहयोग प्राप्त हुआ। सभी संस्थाएं एवं महानुभाव जिन्होंने परिषद् के कार्यक्रमों में स्थान, अर्थ एवं सामग्री उपलब्ध कराई उन समस्त सहयोगियों के प्रति हार्दिक साधुवाद। आशावान हूँ कि भविष्य में भी परिषद् को सभी का सहयोग निरंतर प्राप्त होता रहेगा।



# तपनुमोदना



तपस्वियों का अभिनंदन एवं तप की अनुमोदना निर्जरा का हेतु है। परिषद् के सदस्यों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में तप करने वाले तपस्वियों की अनुमोदना निरंतर की जाती है।

# कार्यकारिणी बैठकें





परिषद् के त्रिआयामी उद्देश्यों की प्राप्ति, सदस्यों में आपसी समन्वय, विचारों के आदान-प्रदान तथा सामूहिक संघीय कार्यों को संपादित करने के उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए समय-समय पर कार्यसमिति की बैठकें आयोजित कर परिषद् के चहुंमुखी विकास की योजना एवं कार्यक्रमों का निर्धारण किया जाता है। आलोच्य वर्ष में कार्यकारिणी की सात बैठकें आयोजित की गई, जिनमें कई महत्त्वपूर्ण योजनाएं बनी व क्रियान्वित की गई।

# सदस्यता



किसी भी संगठन का आधार होता है उसके सदस्य। संघ प्रभावना में वृद्धि एवं संघ सेवा के लिए हम सभी का दायित्व है कि 21 से 45 वर्ष की आयु के तेरापंथी युवकों को परिषद का सदस्य बनाकर संघ की गतिविधियों में सक्रियता से सहभागी बनाएं आलोच्य अवधि में कुछ नए सदस्यों को सदस्यता प्रदान की गई। जिसमें श्रम नियोजित किया संगठन मंत्री

श्री प्रवीण गोलछा ने। वर्तमान में परिषद् के सदस्यों की संख्या इस प्रकार है:-

| | |
|---|---|
| 2018-19 के आधार पर आजीवन सदस्य | - 1190 |
| 2019-20 के नये आजीवन सदस्य | - 71 |
| 2019-20 के नये वार्षिक सदस्य | - 2 |
| आलौच्य वर्ष में सेवानिवृत आजीवन सदस्य | - 70 |
| आलौच्य वर्ष में सेवानिवृत वार्षिक सदस्य | - 2 |
| कुल आजीवन सदस्य | - 1191 |



नूतन चिंतन नया विकास, युवकों में जागे विश्वास

# चरित्रात्माओं के रास्ते की सेवा - उपासना








***युवा वाहिनी-*** विहार सेवा में युवा वाहिनी के अंतर्गत परम पूज्य गुरुदेव के रास्ते की त्रिदिवसीय सेवा के लिए युवक परिषद दिल्ली के 6 सदस्य 16 जनवरी को पहुंचे। पहुंचते ही आचार्यश्री के चरण स्पर्श का सौभाग्य मिला तथा मंगल पाठ श्रवण के तत्पश्चात् गुरुदेव के 13 किमी के विहार में गदग तक रास्ते की सेवा की।

विहार सेवा में अभातेयुप संचालित सत्कार में सभी ने चारित्रात्माओं के गोचरी सेवा का लाभ उठाया। 17 जनवरी को रात्रि 8 बजे कृपा स्वरूप दिल्ली परिषद को सेवा कराई, जिसमें पूज्यश्री के चरणों में परिषद् के आयामों की संक्षिप्त जानकारी अध्यक्ष श्री संजय संचेती द्वारा दी गई। पुज्य प्रवर द्वारा परिषद को दोनों हाथों से ऊर्जा एवं आशीर्वाद प्रदान किया। जिसे प्राप्त कर परिषद अपने आप को अहोभाग्य के साथ कृतज्ञ फलित अनुभव कर रही थी।

सभी ने आध्यात्मिक पर्यवेक्षक मुनिश्री योगेशकुमारजी की सेवा की जिसमें परिषद् के विकास एवं गतिविधियों पर मुनिश्री की ओजस्वी वाणी से मार्गदर्शन मिला। मुनिश्री ने फरमाया दिल्ली अभातेयुप की धड़कन बने एवं संघ की सेवा प्रभावना में रहते हुए नये नये कार्यक्रमों के साथ सफलता का आरोहण करे। सदस्यों ने अपनी जिज्ञासाएं भी मुनि श्री के समक्ष रखी जिन पर भी मुनिश्री का चिन्तन रहा। साध्वी प्रमुखाश्री जी एवं सहवर्ती सभी साधु-साध्वी जी के दर्शन का लाभ मिला।

संघ सेवा को सदैव तत्पर रहती है धर्मसंघ की युवाशक्ति। चरित्रात्माओं के विहार व रास्ते की सेवा उपासना के माध्यम से संघीय दायित्व निर्वहन कर तेयुप, दिल्ली के युवा साथियों ने अपना अध्यात्मिक विकास किया। जिसमें सेवा प्रभारी श्री सुनील छाजेड़ ने सजगता से अपने दायित्व का निर्वहन किया। सेवा उपासना में सहभागी बने सभी युवा साथियों का साधुवाद। दिल्ली के क्षत्रों में चरित्रात्माओं के रास्ते की विहार सेवा तथा दिल्ली के बाहर भी चारित्रात्माओं के विहार सेवा में भाग लिया जिसका विवरण इस प्रकार है-

युवक परिषद दिल्ली द्वारा साध्वीश्री मंजुयशाजी ठाणा-4 के राजस्थान की ओर विहार में ग्राम हेतमपुरा से केरु दिलसुख स्कूल तक की रास्ते की सेवा में तेयुप दिल्ली ने विहार सेवा का लाभ लिया।

## ज्ञानशाला संचालन में सहभागिता

संघ का अति महत्वपूर्ण व स्थायी उपक्रम एवं संस्कार निर्माण का माध्यम है ज्ञानशाला। तेयुप दिल्ली के कार्यकर्ता दिल्ली में संचालित 14 केन्द्रों पर व्यवस्थाओं में सहयोग कर सेवा व संस्कार के इस महनीय उपक्रम में अपनी दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं। जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा दिल्ली के तत्वाधान में नियोजित होने वाली ज्ञानशालाओं में सेवा प्रदान करने वाले तेयुप के कार्यकर्ता के रूप में दिल्ली ज्ञानशाला प्रभारी श्री मनीष पुगलिया एवं समस्त ज्ञानशाला सहप्रभारियों ने यथोचित सेवाएं प्रदान की, समस्त साथियों को साधुवाद।

## संघीय कार्यक्रमों में सहभागिता

दिल्ली तेरापंथ धर्म संघ का एक महत्वपूर्ण स्थान है, यहां संघीय संस्थाए समय-समय पर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करती रहती हे तेयुप दिल्ली भी अन्य संस्थाओं द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में अपनी सक्रिय सहभागिता दर्ज कराती रहती है।

## दिल्ली सभा एवं क्षेत्रीय सभाओं में प्रतिनिधित्व

गणाधिपति पूज्य गुरुदेव तुलसी युवक परिषद को कार्यकर्ताओं की फैक्ट्री कहा करते थे, आज हम गौरव के साथ कह सकते हैं कि दिल्ली सभा हो अथवा क्षेत्रीय सभा प्रत्येक स्थान पर परिषद के भूतपूर्व सदस्य कार्यकर्ता तो है ही वर्तमान के सदस्य भी सभी संस्थाओं में प्रतिनिधित्व कर जागरूकता से अपने अपने दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं।

## श्रद्धांजलि


स्व. विजयसिंहजी कोठारी


स्व. आसकरणजी आंचलिया


स्व. निर्मलजी भंसाली

यह वर्ष परिषद के लिए अपूरणीय क्षति वाला वर्ष रहा। 2019-20 में परिषद के पूर्व के तीन नायक स्वर्गस्थ हो गए। स्व. विजयसिंहजी कोठारी, स्व. आसकरण जी आंचलिया व स्व. निर्मलजी भंसाली ने तेयुप दिल्ली को अपना सक्षम नेतृत्व प्रदान किया था। आपके कार्यकालों में संस्था ने नई ऊंचाइयों को छूते हुए अभूतपूर्व कार्य किए थे। आसकरणजी के नेतृत्व में ही दिल्ली में ज्ञानशाला का प्रदुर्भाव तेयुप दिल्ली द्वारा किया गया था। तेयुप दिल्ली के अध्यक्ष रहने के उपरांत तीनो महानुभावों ने विभिन्न सामाजिक पदों पर आसीन होकर व बिना पद के भी समाज की अनन्य सेवा की थी। परिषद परिवार आपको विनम्र श्रद्धांजलि देते हुए नतमस्तक है तथा आप तीनो की आध्यात्मिक प्रगति की मंगलकामना करती है। अलोच्य वर्ष में दिवंगत तेरापंथ धर्मसंघ के चरित्रात्माओं व श्रावक श्राविकाओं के प्रति आत्मिक श्रद्धांजलि। परिषद् की ओर से सभी के उत्तरोत्तर अध्यात्मिक विकास की मंगलकामना।

# कृतज्ञोऽस्मि

सर्वप्रथम अनन्य कृतज्ञता स्वप्नदृष्टा गणाधिपति पूज्य गुरूदेव श्री तुलसी के प्रति जिनका भविष्यात्मक दृष्टि की निष्पति है तेरापंथ युवक परिषद्। स्मरण एवं नमन युगदृष्टा, युगसृष्टा, वितराग तुल्य आचार्यश्री महाप्रज्ञ जी को जिन्होंने इस संगठन को अपना वात्सल्य एवं पथ दर्शन प्रदान किया।

हम तो निमित्त मात्र हैं। संगठन में जो भी कार्य हुए है, हो रहे हैं, वे पूज्यप्रवर आचार्यश्री महाश्रमणजी की महती कृपा एवं दिव्य आशीर्वाद का ही परिणाम है। पूज्य चरण में अनंत अनंत कृतज्ञता श्रद्धेया साध्वी प्रमुखाश्रीजी, श्रद्धेया मुख्य नियोजिकाजी, मुख्य मुनि व साध्वीवर्या जी के प्रति जिनका पाथेय एवं दिशा-निर्देश हमें निरंतर प्राप्त हुआ।

परिषद् कार्यकर्त्ताओं को सतत् प्रेरणा एवं प्रोत्साहन हेतु तेयुप के अध्यात्मिक पर्यवेक्षक मुनि श्री योगेशकुमारजी के प्रति हृदय से कृतज्ञता ज्ञापित करता हूं समस्त चारित्रात्माओं के प्रति जिनका पावन सान्निध्य, प्रेरणा एवं मार्ग दर्शन हमें विगत चातुर्मास में प्राप्त हुआ ओर चातुर्मास पश्चात् भी निरंतर प्राप्त हो रहा है।

# आभार

तेयुप दिल्ली का मंत्री पद जहां एक ओर सात्विक गौरव की अनुभूति कराता है वहीं दूसरी ओर दायित्व बोध का भान भी कराता है। मैं जीवन के उन क्षणों को कभी भी विस्मृत नहीं कर सकता जब मुझे हमारे कर्मठ व स्वस्थ चिंतन के धनी अध्यक्ष श्री संजय संचेती ने तेयुप जैसी गतिशील व गौरवशाली संस्था का मंत्री मनोनीत किया। मैने हमेशा प्रयत्न किया कि आपके निर्देशन में आप द्वारा प्रदत्त विश्वासपूर्ण दायित्व का निर्वहन करूं। आपका कुशल नेतृत्व व प्रदत्त स्नेह ही मेरे प्रत्येक कार्य को सम्पादित करने में सहायक बना। मैं परिषद् के सम्माननीय उपाध्यक्ष श्री संजीव चिंडालिया, श्री विकास चोरड़िया, सहमंत्री श्री संजीव जैन, श्री हेमराज राखेचा, कोषाध्यक्ष श्री विकास बोथरा, संगठन मंत्री श्री प्रवीण गोलछा एवं निवर्तमान अध्यक्ष श्री पुखराज लोढ़ा द्वारा प्रदत्त सहयोग को कभी भी विस्मृत नहीं कर सकता जिन्होने प्रतिपल मेरे साथ कंधे से कंधा मिलाकर परिषद् को नई ऊँचाईयां प्रदान करने में सहयोग प्रदान किया। मेरे पदाधिकारियों ने खुले मन से मुझे सहयोग प्रदान किया, सभी के प्रति हार्दिक-हार्दिक आभार। परिषद् के परामर्शक मंडल श्री पुखराज सेठिया, श्री भीखमचंद सुराणा, श्री लक्ष्मीपत भुतोड़िया, श्री इन्द्र बैंगानी एवं श्री धनपत बोथरा के मार्गदर्शन ने मेरे कार्य को सरल किया, कार्यसमिति सदस्यगण, क्षेत्रीय सहयोगी एवं समिति सदस्यों के श्रम एवं सतत् सहयोग तथा परिषद् के युवा साथियों की जागरूकता एवं सक्रियता से ही समस्त कार्य सफलतापूर्वक सम्पादित हो सके, तदर्थ हृदय से आभारी हूं।

सदा की तरह परस्पर सहयोग के साथ एक-दूसरे के कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागी बनते है- तेरापंथ युवक परिषद् जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा, दिल्ली, तेरापंथ महिला मंडल, तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम एवं सभी क्षेत्रीय सभाए। दिल्ली सभा अध्यक्ष श्री तेजकरण सुराणा, तेममं की निवर्तमान अध्यक्षा श्रीमती पुष्पा बोकड़िया एवं वर्तमान अध्यक्षा श्रीमती निर्मला कोठारी, टी.पी.एफ. अध्यक्ष श्री श्रील लुंकड़ एवं सभी क्षेत्रीय सभाओं के अध्यक्ष सहित पूरी टीम के प्रति अंतः हृदय से आभार व साधुवाद।

तेयुप दिल्ली की गतिविधियों के संचालन हेतु अणुव्रत भवन एवं अध्यात्म साधना केन्द्र में स्थान की सहर्ष उपलब्धता कराने हेतु अणुव्रत न्यास के प्रबंध न्यासी श्री संपतमल नाहटा का हार्दिक आभार।

संघीय समाचारों के साप्ताहिक मुखपत्र 'अखिल भारतीय तेरापंथ टाइम्स' के संपादक श्री विमल कटारिया व प्रबंध संपादक श्री इन्द्र बैंगाणी ने दिल्ली परिषद् के कार्यक्रमों को प्रकाशन में समुचित स्थान दिया तदर्थ आभार।

वैधानिक कार्यो के संपादन एवं अंकेक्षक की सेवाओं हेतु श्री विजय चोपड़ा का हार्दिक आभार,

ओसवाल भवन (शाहदरा), तेरापंथ भवन (कृष्णा नगर), उग्रसेन खिलौनी देवी धर्मशाला (पीतमपुरा), गोयल आस्था भवन (शालीमार बाग), गोयल श्रद्धा भवन (ग्रीन पार्क), तेरापंथ भवन (रोहिणी), तेरापंथ भवन (मॉडल टाऊन), तेरापंथ भवन (मानसरोवर गार्डन) द्वारा स्थानों की उपलब्धता कराने हेतु संबंधित संस्थाओं के पदाधिकारीगण एवं व्यवस्था समितियों का हार्दिक धन्यवाद।

परिषद् कार्यक्रमों की सफल निष्पत्ति में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से सहयोगी समस्त संस्थाओं, श्रावक समाज एवं समर्पित युवा साथी, जिनका मैं नामोल्लेख नही कर पाया हूँ, हृदय से आभार।

मैं प्रतिपल आभारी हूं मेरे पिता श्री रणजीत सिंह बोरड़, मातुश्री स्व. श्रीमती इंदिरा देवी बोरड़ एवं मेरे अग्रज भ्राता श्री मनोज बोरड़ का जिन्होंने बचपन से मुझमें सेवा संस्कारों का बीजारोपण किया व संघ एवं संघपति के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा प्रदान की। मेरे कार्य में योगभूत बने परिवारिकजन, एवं मेरे सभी मित्रजन आदि के प्रति हृदय से आभार।

मैं विशेष आभारी हूं मेरी धर्मपत्नी श्रीमती सरिता बोरड़, पुत्री सृष्टि, भावना एवं पुत्र एकांश का जिनके सहयोग के बिना दायित्व निर्वहन आसान नहीं था। मैने परिषद् के प्रति जितना भी समर्पण किया, इसका पूरा श्रेय मेरे परिवार को जाता है। सभी के प्रति शुभकामनाएं-आभार।

## शुभशंषा

तेयुप दिल्ली एक राज्यस्तरीय परिषद् है और इस वृहद् क्षेत्र में परस्पर सम्पर्क और संवाद का सशक्त माध्यम बनते हैं। विभिन्न क्षेत्रों के क्षेत्रीय संयोजक। क्षेत्रीय संयोजक श्री विनय लिंगा, श्री सौरभ कोठारी, श्री अमित डूंगरवाल, श्री राकेश पुगलिया, श्री राकेश लोढ़ा, श्री कमल जैन, श्री निखिल भुतोड़िया, श्री मनोज बरमेचा, श्री दीपक नाहर, श्री मुदित लोढ़ा श्री अनिरुद्ध जैन, श्री प्रतीक चिण्डालिया, श्री लक्ष्मीपत कुण्डलिया एवं सभी सह-संयोजको ने अपने दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया।

विभागीय प्रभारी श्री विकास सुराणा, श्री प्रभात खटेड़, श्री कुशाल गदैया, श्री मनीष पुगलिया, श्री सुशील डागा, श्री विनय सुराणा, श्री सुनील छाजेड़, श्री मयंक दुगड़, श्री प्रकाश सुराणा, श्री विनोद चोरड़िया, श्री मनोज मालू, श्री राहुल बोथरा, हर्ष बरड़िया एवं श्री जिनेश जैन सहित सभी सह-प्रभारी, किशोर मंडल के संयोजक, सह-संयोजक एवं ज्ञानशाला के क्षेत्रीय संयोजकों द्वारा अपने कर्तव्यों का सजगता से पालन किया।

कार्यकाल में कुछ युवा साथी उभर कर सामने आए - श्री प्रतीक गिड़िया, श्री मुदित लोढ़ा, श्री दीपक नाहर इनके शुभ भविष्य की मंगलकामना।

परिषद् के समस्त कार्यसमिति सदस्य, योजना एवं समन्वय समिति सदस्य एवं क्षेत्रीय सहयोगियों द्वारा परिषद् के कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता हेतु साधुवाद। इनके अतिरिक्त कई प्रिय एवं कर्मठ साथी और हैं जिन्होने अपना अमूल्य समय और श्रम नियोजित कर परिषद् के कार्यक्रमों को सफल बनाया। उन सभी युवा साथियों का, जिनका उल्लेख मैं यहां नहीं कर पाया हूं, सभी के प्रति मेरा आभार।

सभी सहयोगी कार्यकर्ताओं की शुभाशंसा करता हुआ यही मंगलकामना करता हूं कि भविष्य में भी सभी युवा साथी सक्रिय सहयोगी एवं सहभागी बनकर परिषद् को नित नई ऊंचाईयां प्रदान करने में योगभूत बनेंगे।

## क्षमायाचना

दायित्व निर्वहन करते समय गलतियां हो जाना या अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य न हो पाना स्वाभाविक है। अगर मेरे अथवा परिषद् के किसी भी सदस्य द्वारा किसी प्रकार की अविनय असातना हुई हो या इंगित की अराधना नहीं हो पाई हो तो पूज्यप्रवर एवं समस्त चारित्रात्माओं से बारंबार खमत खामणा करता हूं। दिल्ली के संपूर्ण तेरापंथ समाज को परिषद् से अपेक्षाएं रहती हैं, प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से हुई कोई भी भूल, जिससे किसी के हृदय में ठेस पहुंची हो तो सभी से शुद्ध अंतःकरण से क्षमा याचना करता हूं।

## मंगलकामना

अंत में मैं मंगल कामना करता हूं, कि परिषद् उत्तरोत्तर प्रगतिशील रहे। प्रगति में सभी साथियों को योगभूत होने का सुअवसर सहज प्राप्त हुआ है, इस अवसर का यथोचित लाभ लें। पूज्यवरों की दृष्टि की अराधना करते हुए निज और पर का कल्याण करने का लक्ष्य बनाएं व संघ सेवा -संघ प्रभावना वृद्धि में सहभागी बनें। नया नेतृत्व एवं नई टीम परिषद् के त्रिआयामी उद्देश्यों को लक्षित करते हुए विकासोन्मुख हो परिषद् को अधिक नई ऊंचाईयां देंगे,

इसी मंगल कामना के साथ -

*ऊँ अर्हम्*

*मुकेश बोरड़*
*(मंत्री)*

12 जुलाई 2020



**श्री विनय सुराणा**
(किशोर मंडल प्रभारी)



**श्री राहुल दुगड़**
(किशोर मंडल संयोजक)



**श्री हर्ष सेठिया**
(किशोर मंडल सहसंयोजक)

# किशोर मंडल
# वार्षिक प्रतिवेदन - 2019-20

तेरापंथ युवक परिषद के अंतर्गत तेरापंथ किशोर मंडल एक ऐसा मंच जहां 15 से 21 वर्ष के किशोर धार्मिक एवं सामाजिक कार्य करते है। आधुनिक युग में किशोरों में धर्म के प्रति अपनी भावनाओं को सुदृढ़ बनाये रखने में तेरापंथ किशोर मंडल निरन्तर प्रयासरत है। तेयुप द्वारा निर्देशित सेवा संस्कार एवं संगठन के कार्य और परिषद के कार्यक्रम में सहभागिता के साथ किशोर मंडल द्वारा अनेक कार्यक्रम सम्पादित किए जाते है। किशोर मंडल प्रभारी श्री विनय सुराणा व संयोजक श्री राहुल दुगड़ द्वारा अपने दायित्व का निर्वहन पूर्ण सजगता से किया गया, दोनो के प्रति साधुवाद।

## *संस्कृत भारती का विश्व सम्मेलन*

तेरापंथ युवक परिषद्, दिल्ली के तत्वावधान में तेरापंथ किशोर मंडल द्वारा प्रस्तुत, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की संस्था संस्कृत भारती जिसका विश्व सम्मेलन दिनांकः 9,10 व 11 नवम्बर 2019 को छत्तरपुर नई दिल्ली में आयोजित किया गया। इस आयोजन में तेरापंथ किशोर मंडल दिल्ली द्वारा आचार्य महाप्रज्ञ जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य पर नवकार महामंत्र की प्रस्तुति दी गई। इसका नेतृत्व पदम् भूषण एवं राज्य सभा सांसद श्रीमती सोनल मानसिंह के नेतृत्व में किया गया। विश्व के 22 देशों के प्रतिनिधि इस सम्मेलन मे सम्मलित हुए।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपराष्ट्रपति श्री वैंकया नायडू, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्ष वर्धन, एच आर डी मिनिस्टर श्री रमेश पोखरियाल, युवा मामलों एवं खेल राज्य मंत्री श्री किरण रीजीजू एवं बड़ी हस्तियां मौजूद रही। सभी प्रतिभागी किशोरों को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने मोमेन्टो द्वारा सम्मानित किया। सभी किशोरों के प्रति अनन्त साधुवाद।







## किशोर फिएस्टा

अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के निर्देशन व तेरापंथ युवक परिषद, दिल्ली के तत्वावधान में तेरापंथ किशोर मंडल, दिल्ली द्वारा दिनांक 29 दिसंबर 2019 को दिल्ली के अणुव्रत भवन में 'किशोर फिएस्टा - 2019' का आयोजन किया गया।

आचार्य श्री महाप्रज्ञ जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में प्रज्ञा पुरुष के आयाम प्रेक्षा ध्यान का कार्यक्रम 'प्रेक्षा मेडिटेशन' आयोजित किया गया, श्री विमल गुनेचा ने मेडिटेशन करा उससे लाभान्वित होने के रहस्य बतायें। जैन संस्कार विधि से सामूहिक जन्मोत्सव मनाया गया।

प्रेरक संगोष्ठी (Motivational Seminar) का कार्यक्रम रखा गया जिसमें वक्ता के रूप में टीपीएफ अध्यक्ष श्री श्रील लुंकड़ ने 'FEAR OF EXAM' के topic पर किशोरों को समझाया की इस डर से कैसे बचें और परीक्षा की तैयारी कैसे करें।

सभी संभागी किशोरों एवं युवकों ने मिलकर कई खेल जैसे Quiz, Damsaras, Just a minute आदि गेम का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य किशोरों का confidence बढ़ाना था। जीतने वाले किशोरो को पुरस्कृत किया गया। किशोर मंडल, दिल्ली की सम्पूर्ण टीम ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु अपना सम्पूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम हेतु उदारमना सहयोग के लिए श्री विमल सुराणा के प्रति हार्दिक आभार।




## सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

लॉकडाउन काल के समय का सदुपयोग कर आनंददायक बनाने के लिए तेरापंथ किशोर मंडल, दिल्ली द्वारा सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी ऑनलाईन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसके तहत 3 चरणों में 3 दिनों तक दिल्ली से किशोरों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

# गत वर्ष की कुछ महत्त्वपूर्ण झलकियां


































Acharya Mahapragya Birth Centenary 1920-2020

सेवा

संस्कार

संगठन

सेवा संस्कार संगठन

# तेरापंथ युवक परिषद्
# दिल्ली